दैनिक
# बढ़ता राजस्थान
संस्करणःटोंक,जयपुर, अलवर एवं कोटा
• Since : 2004 /// कदम बढ़ाएं, सच के साथ ///
वर्ष : 12 | अंक : 149 टोंक | गुरुवार,23 जनवरी, 2025 | माष, कृष्ण पक्ष नवमी संवत्-2081 भारत सरकार से विज्ञापनों के लिए स्वीकृत | मूल्य :₹ 3.50 | पृष्ठ : 08
www.badhatarajasthan.in badhatarajasthan@yahoo.com badhatarajasthan.dainik badtarajasthan

# साइबर ठगी पर हाईकोर्ट ने कहा- हालात खतरनाक
## डिजिटल अरेस्ट को लेकर केंद्र और राज्य सरकार को नोटिस जारी, एक्शन प्लान मांगो

बढ़ता राजस्थान

**जयपुर (का.स.)।** डिजिटल अरेस्ट के बढ़ते मामलों को देखते हुए राजस्थान हाईकोर्ट ने स्वप्रेरित प्रसंज्ञान लेते हुए सरकार से जवाब मांगा है। जस्टिस अनूप कुमार की एकलपीठ ने अपने आदेश में कहा कि मौजूदा खतरनाक स्थिति को देखते हुए गंभीर कदम उठाने की जरूरत है। साइबर क्राइम की स्थिति गंभीर हो चुकी है। हाईकोर्ट ने बढ़ते डिजिटल अरेस्ट और साइबर ठगी के मामलों पर केंद्रीय गृह मंत्रालय, नेशनल साइबर सेल, फोरेंसिक लेबोरेटरी, मुख्य सचिव और डीजीपी सहित अन्य को नोटिस जारी कर जवाब मांगा है। हाईकोर्ट ने केंद्र और राज्य सरकार से डिजिटल अरेस्ट सहित साइबर ठगी और साइबर क्राइम के मामले में उठाए गए कदमों के बारे में जानकारी मांगी है। इसके लिए स्टेटस रिपोर्ट पेश करने को कहा है।

**सरकार को एक्शन प्लान पेश करना होगा**

हाईकोर्ट ने डिजिटल अरेस्ट और साइबर क्राइम के बढ़ते मामलों को लेकर सरकार से साइबर ठगी के मामलों में अब तक की गई कार्रवाई और भविष्य के एक्शन प्लान के बारे में रिपोर्ट तलब की है। इस रिपोर्ट में भविष्य के एक्शन प्लान पर रिपोर्ट देनी होगी। साथ ही साइबर क्राइम को रोकने का रोड मैप देना होगा। प्रदेश में साइबर थानों में दर्ज होने वाले मामलों से लेकर इन मामलों में पीड़ितों को वापस मिलने वाली ठगी की रकम के अनुपात के आंकड़े भी रिपोर्ट में शामिल करने होंगे।

**बढ़ रहे डिजिटल अरेस्ट के मामले**

प्रदेश में पिछले कुछ महीनों से डिजिटल अरेस्ट और साइबर ठगी के मामलों में लगातार बढ़ोतरी हो गई है। साइबर ठग रोज नए-नए तरीकों से लोगों के खातों से पैसा निकाल रहे हैं। कई सरकारी कर्मचारी, बड़े बिजनेसमैन और महिलाएं भी डिजिटल अरेस्ट और साइबर ठगी के शिकार हो चुकी हैं। हर रोज राजधानी जयपुर से लेकर हर जिले में साइबर तो की वारदातों को लेकर बड़ी संख्या में पीड़ित सामने आते हैं।

**महिला प्रोफेसर को डिजिटल अरेस्ट कर ठगे थे 7.67 करोड़**

बता दें कि राजस्थान में जनवरी 2024 में झुंझुनूं की बिट्स पिलानी की महिला प्रोफेसर को 4 महीने डिजिटल अरेस्ट कर 7.67 करोड़ रुपए ठग लिए गए थे। ठगों ने महिला को धमका कर 80 लाख का लोन भी दिलवा दिया था। वहीं पिछले साल अक्टूबर महीने में श्रीगंगानगर के बुजुर्ग दंपती से 1 करोड़ 5 लाख ठग लिए थे।



**मौसम** जयपुर

24.0° अधिकतम तापमान | 12.0° न्यूनतम तापमान

**बाजार** शेयर बाजार

सेंसेक्स | 76,404.99
+566.63 (0.75%)

निफ्टी | 23,155.35
+130.70 (0.57%)

**सर्राफा** सोना/चांदी

सोना | 82,680 /10g
चांदी | 96,500 /Kg

लखनऊ-मुंबई पुष्पक एक्सप्रेस में आग की अफवाह, पैसेंजर्स कूदे

# दूसरे ट्रैक पर आ रही ट्रेन ने कुचला
# 12 लोगो की मौत, 40 घायल

बढ़ता राजस्थान

**जलगांव (एजेंसी)।** महाराष्ट्र के जलगांव में बुधवार शाम 4:42 बजे बड़ा ट्रेन हादसा हुआ। यहां पाचोरा स्टेशन के पास माहेजी और परधाड़े के बीच पुष्पक एक्सप्रेस में आग लगने की अफवाह फैली। इस दौरान किसी यात्री ने चेन पुलिंग कर दी। ट्रेन रुकी और घबराए यात्री कूद गए। इसी दौरान दूसरे ट्रैक पर आ रही कर्नाटक एक्सप्रेस ने कई यात्रियों को कुचल दिया। जलगांव एस पी ने 11 लोगों की मौत की पुष्टि की है। 40 पैसेंजर्स के घायल होने की खबर है। सेंट्रल रेलवे के भुसावल डिवीजन के आधिकारिक सूत्रों ने बताया कि जहां घटना हुई, उस जगह पर शार्प टर्न था। इस वजह से दूसरे ट्रैक पर बैठे पैसेंजर्स को ट्रेन के आने का अंदाजा नहीं लगा। यही वजह रही कि कर्नाटक संपर्क क्रांति से इतनी बड़ी संख्या में लोग कुचले गए। सेंट्रल रेलवे के सीपीआरओ स्वप्निल निला ने बताया, भुसावल से मेडिकल रिलीफ ट्रेन निकल चुकी है। हादसे में किसी यात्री की फिलहाल मौत की जानकारी नहीं है। घटनास्थल मुंबई से 400 किलोमीटर दूर है। **ब्रेक लगने पर ट्रेन के पहिए से निकला था धुआं** -गाड़ी नंबर 12627 कर्नाटक एक्सप्रेस यशवंतपुर से हजरत निजामुद्दीन जा रही थी। जबकि पुष्पक एक्सप्रेस (12533) लखनऊ से मुंबई जा रही थी। रेलवे के एक वरिष्ठ अधिकारी ने कहा कि प्रारंभिक जानकारी के अनुसार पुष्पक एक्सप्रेस के एक कोच के अंदर 'हॉट एक्सल या 'ब्रेक-बाइंडिंग (जैमिंग)' के कारण चिंगारी उठी और कुछ यात्री घबरा गए। उन्होंने जंजीर खींची और उनमें से कुछ नीचे कूद गए।







**सीएम फडणवीस ने हादसे पर दुख जताया**

सीएम देवेंद्र फडणवीस ने हादसे पर दुख व्यक्त किया और मृतकों को श्रद्धांजलि दी। उन्होंने सोशल मीडिया प्लेटफार्म ट्वीटर पर लिखा- मंत्री गिरीश महाजन और पुलिस अधीक्षक घटनास्थल पर पहुंच गए हैं। जिला कलेक्टर थोड़ी देर में वहां पहुंचेंगे।जिला प्रशासन रेलवे प्रशासन के साथ काम कर रहा है।

### जलगांव सांसद स्मिता वाघ बोलीं- हादसे में 11 लोगों की मौत हुई

जलगांव से भाजपा सांसद स्मिता वाघ ने बताया है कि इस हादसे में 11 लोगों की मौत हो गई है। उन्होंने यह भी आशंका व्यक्त की कि मृतकों की संख्या बढ़ सकती है, विशेषकर इसलिए कि घायलों में से कई की हालत गंभीर है।

### जलगांव कलेक्टर बोले- राहत एवं बचाव कार्य जारी है

जलगांव जिला कलेक्टर आयुष प्रसाद ने बताया कि इस घटना में पुष्पक एक्सप्रेस के यात्री कर्नाटक एक्सप्रेस की चपेट में आ गए। घटनास्थल पर राहत एवं बचाव कार्य जारी है। बताया जा रहा है कि इस दुर्घटना में 7 से 8 यात्रियों की मौत हो गई। घायलों को तत्काल ग्रामीण अस्पताल सहित कुल तीन अस्पतालों में भर्ती कराया जा रहा है।

**संक्षिप्त समाचार**

### सैफ अली खान के घर बयान दर्ज करने पहुंची पुलिस
एक्टर ने अस्पताल पहुंचाने वाले ऑटो ड्राइवर से मुलाकात की

बढ़ता राजस्थान

**मुंबई।** 15 जनवरी की रात हमले में घायल होने के बाद एक्टर सैफ अली खान ऑटो से लीलावती अस्पताल पहुंचे थे। 21 जनवरी को अस्पताल से डिस्चार्ज होने के बाद उन्होंने उसी ऑटो ड्राइवर भजन सिंह से मुलाकात कर शुक्रिया कहा। सैफ की मां शर्मिला ने भी सैफ को समय रहते अस्पताल पहुंचाने के लिए शुक्रिया कहा। इधर, हमले के 6 दिन बाद बांद्रा पुलिस सैफ अली खान का बयान दर्ज करने उनके घर पहुंची है। मुंबई पुलिस ने आरोपी शरीफुल को 19 जनवरी की देर रात गिरफ्तार किया था। इस केस की जांच अब सुदर्शन गायकवाड़ की जगह अजय लिंगनुरकर को सौंपी गई है। आईओ को हटाने की वजह नहीं बताई गई है। मुंबई पुलिस ने मंगलवार सुबह और देर रात क्राइम सीन रीक्रिएट किया था। पुलिस आरोपी शरीफुल इस्लाम को सैफ के घर से करीब 500 मीटर दूर ले गई। पुलिस ने बताया कि आरोपी बाथरूम की खिड़की से ही सैफ के घर में घुसा था और हमले के बाद यहीं से बाहर भी निकला।

# स्टैंडर्ड सोना हुआ 500 रुपए महंगा
चांदी के फिर बढ़े दाम, 85,000 तक पहुंच सकती है कीमत

बढ़ता राजस्थान



**जयपुर।** दुनियाभर में आई अस्थिरता के बाद कीमती धातुओं की कीमत में बदलाव का सिलसिला शुरू हो गया है। यही कारण है कि एक बार फिर से सोने और चांदी की कीमत में तेजी हुई है। जिसके बाद राजस्थान में 10 ग्राम स्टैंडर्ड सोने की कीमत 500 रुपए बढ़कर कर जहां 82 हजार 200 रुपए पर पहुंच गई है। वहीं चांदी प्रति किलो की कीमत बढ़कर 93 हजार 700 रुपए पर आ गई है। जयपुर के सर्राफा व्यापारी कुणाल सोनी ने बताया कि दुनियाभर में हो रहे बदलाव की वजह से सोने और चांदी की कीमत में भी लगातार बदलाव देखने को मिल रहा है। ऐसे में आने वाले एक सप्ताह में स्टैंडर्ड सोने की कीमत में जहां तेजी देखने को मिल सकती है।

# हार के डर से आपदा वाले घोषणाएं कर रहे : मोदी
## भाजपा कार्यकर्ताओं से कहा- वे कहते हैं फिर आएंगे, जनता कहती है फिर खाएंगे

बढ़ता राजस्थान

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने दिल्ली भाजपा के कार्यकर्ताओं से कहा- दिल्ली की जनता आपदा का का खेल जान गई है। उनकी पोल खुल गई है। भाजपा की जीत पक्की करने के लिए दिल्ली की जनता निकल पड़ी है। हार के डर से आपदा वाले रोज-रोज नई-नई घोषणा करते हैं। वे नारे लगाते हुए कहते हैं कि फिर आएंगे, फिर आएंगे, लेकिन जनता कहती है कि फिर खाएंगे, फिर खाएंगे। उन्होंने नमो ऐप के जरिए कार्यकर्ताओं से बात करते हुए कह- 5 फरवरी को ज्यादा से ज्यादा संख्या में लोगों को पोलिंग बूथ तक पहुंचाना है। ठंड कितनी भी हो, हमें सुबह से ही मतदान की तीव्रता को पहुंचाना है।



**3 को दिल्ली चुनाव के लिए मोदी की पहली रैली**

पीएम मोदी ने 3 जनवरी को कहा था कि बीते 10 साल में दिल्ली एक बड़ी आपदा से घिरी है। अन्ना हजारे जी को सामने करके कुछ कट्टर बेईमान लोगों ने दिल्ली को आपदा में धकेल दिया। शराब ठेकों में घोटाला, बच्चों के स्कूल में घोटाला, गरीबों के इलाज में घोटाला, प्रदूषण से लड़ने के नाम पर घोटाला।

**बढ़ता TOON!**




### बीजेपी प्रभारी बोले- राहुल गांधी कांग्रेस की कब्र खोद देंगे

बढ़ता राजस्थान

**जयपुर।** बीजेपी के प्रदेश प्रभारी राधामोहन दास अग्रवाल ने दिल्ली चुनावों में भाजपा सरकार बनने का दावा करते हुए राहुल गांधी और आम आदमी पार्टी पर तंज कसा। मंत्रिमंडल विस्तार को लेकर अग्रवाल ने गेंद मुख्यमंत्री के पाले में डालते हुए कहा कि मंत्रिमंडल विस्तार होना है भी या नहीं, यह सीएम तय करेंगे, उन्होंने मुझसे इस संबंध में कोई चर्चा नहीं की है। अग्रवाल बुधवार को जयपुर एयरपोर्ट पर पहुंचे थे। यहां मीडिया से बातचीत के दौरान राहुल गांधी पर तंज कसते हुए कहा- दिल्ली का चुनाव हम लोग जीत चुके हैं,चुनाव का रिजल्ट घोषित होना ही बाकी है। कांग्रेस तो वहां 2013 के पहले ही खत्म हो चुकी है। जो कुछ बची थी, राहुल गांधी बड़े अच्छे आदमी हैं, भगवान उनकी अच्छाई बरकार रखें। वो इतनी कब्र कांग्रेस की खोद देंगे कि देश में कहीं भी कांग्रेस नहीं रहेगी।

**बोले- आप पार्टी बेनकाब हो चुकी है**

आप पार्टी बेनकाब हो चुकी है। लोग जान चुके हैं कि वो केवल धूर्तता, झूठ, भ्रष्टाचार और धन वसूली की राजनीति करते हैं। विकास से उनका कोई लेना-देना नहीं है। फ्री बिजली देने का वादा करते हैं और फिर 5000 रुपए वसूलते हैं। सड़क, नालियों की हालत खराब है। शिक्षा, स्वास्थ्य तो दे नहीं पाए, तो मुफ्त में अब शराब पिलाने लग गए हैं। जनता उनको ठीक से पहचान चुकी है और बहुत अच्छे बहुमत से दिल्ली में भाजपा सरकार बनने जा रही है।



## सम्पादकीय

# डॉक्टर-कंपनियों का कपट जाल : दवा की कीमत में उछाल

देश में दवाओं की कीमत सरकार नहीं डॉक्टर खुद तय कर रहे हैं। डॉक्टर अपने मुताबिक ब्रांड बनवाते हैं, कीमतें फिक्स करते हैं। 38 रुपए की दवा की एमआरपी 1200 रुपए कर दी जा रही है। यह महज उदाहरण है, तमाम दवाइयों में ऐसा किया जा रहा है। एक्सपर्ट मानते हैं कि 20 साल में 40 हजार करोड़ से दवा का कारोबार 2 लाख करोड़ के करीब पहुँच गया है। इसका बड़ा कारण वह एमआरपी में बड़े खेल को मानते हैं। 2005 से 2009 तक 50 प्रतिशत एमआरपी पर दवाएँ बिक रही थी। अगर 1200 रुपए की एमआरपी है तो डीलर को 600 रुपए में दी जाती थी। अब डॉक्टर अपने हिसाब से एमआरपी तय करवा रहे हैं। जबकि नियमों के अनुसार दवाओं की कीमतें डॉक्टर नहीं बल्कि दवा बनाने वाली कंपनियाँ तय करती हैं। दवाओं के रेट तय करने में कई कारक शामिल होते हैं। दवाओं पर व्यापारियों को खासा मुनाफा होता है। ब्रांडेड दवाओं पर रिटेलर ज्यादा से ज्यादा 20-25 प्रतिशत तक की छूट देते हैं। जेनेरिक दवाओं पर 50-70 प्रतिशत तक की छूट मिलती है। जेनेरिक दवाएँ सस्ती होती हैं क्योंकि उन्हें महंगी जांचों से नहीं गुजरना पड़ता। दवा खरीदते समय, दवा के रैपर पर क्यूआर कोड होना चाहिए। दवा के रैपर पर क्यूआर कोड से दवा का नाम, ब्रैंड का नाम, मैन्युफैक्चरर की जानकारी, मैन्युफैक्चरिंग की तारीख और एक्सपायरी की तारीख मिलती है। दवाओं या उनके अवयवों के बारे में जानकारी के लिए डॉक्टर या फार्मासिस्ट से पूछा जा सकता है। मगर जो दवाएँ सरकार के कंट्रोल से बाहर हैं, उनमें मनमानी दवा की क्वालिटी और एमआरपी की निगरानी के लिए भारत सरकार के स्वास्थ्य मंत्रालय के अधीन नेशनल फार्मास्युटिकल प्राइस अथॉरिटी काम करती है। सरकार ड्रग्स प्राइस कंट्रोल ऑर्डर के माध्यम से दवा की एमआरपी पर नियंत्रण रखती है। आवश्यक और जीवनरक्षक दवाओं के लिए अधिकतम मूल्य निर्धारित करने के साथ डीपीसीओ की जिम्मेदारी मरीजों के लिए दवाएँ सस्ती और सुलभ कराने की भी है। सरकार जिन दवा को डीपीसीओ के अंतर्गत लाती है, उनकी एमआरपी तो कंट्रोल में होती है लेकिन सैकड़ों फॉर्मूले की दवाएँ आज भी सरकार के कंट्रोल से बाहर हैं, जिसकी एमआरपी में मनमानी चल रही है। दवाओं की कीमतों में इजाफे को लेकर सरकार की गाइडलाइन है कि एक साल में 10 प्रतिशत ही एमआरपी बढ़ाई जा सकती है। लेकिन कंपनियाँ प्रोडक्ट्स का नाम बदल कर हर साल डॉक्टरों की डिमांड वाली एमआरपी बना रही हैं। कंपनियाँ अलग डिवीजन और ब्रांड बदल कर एमआरपी अपने हिसाब से फिक्स कर देती हैं। फार्मा फैक्ट्रियों से ही देश में दवाएँ सप्लाई की जाती हैं। कंपनियों और डॉक्टरों के इस खेल में कंपनियाँ अपने मुनाफे के लिए नियमों को ताक पर रखकर डॉक्टरों के हिसाब से न सिर्फ दवाएँ बनाने के लिए तैयार हो जाती हैं, बल्कि मनमानी कीमत तय कर देती हैं। तभी तो देशभर में डॉक्टर और हॉस्पिटल खुद अपनी दवाएँ बनवा रहे हैं और मनमाफिक मूल्य पर बेच रहे हैं। डॉक्टर और हॉस्पिटल खुद अपनी दवाएँ बनवा रहे हैं और माइक्रो पायलट का इस्तेमाल कर रहे हैं। इससे ही एक्सपायरी निर्धारित होती है। अगर दवा में माइक्रो पायलट की क्वालिटी थोड़ी डाउन कर दी जाए तो मार्जिन बढ़ जाएगा लेकिन एक्सपायरी का समय कम हो जाएगा। इसके पीछे कारण यह कि मटेरियल और एक्सपायरी को लेकर सरकार की कोई गाइडलाइन नहीं है। एक्सपायरी की डेट भी कंपनियाँ तय करती हैं।

सरकार के कंट्रोल में जो दवाएँ हैं, इसे लेकर थोड़ी सख्ती है। बाकी मेडिसिन पर कोई खास निगरानी नहीं है। ये गंभीर विषय है कि दवा का निर्माण, आयात या बिक्री करने वाली कंपनियाँ ही दवा की कीमतें निर्धारित करती हैं। नियमों में कहा गया है कि केवल प्रिस्क्रिप्शन वाली दवा और ओवर-द-काउंटर दवा के प्रकार जो केवल फार्मेसियों में बेचे जा सकते हैं, उन्हें सभी फार्मेसियों में बिल्कुल एक ही कीमत पर बेचा जाना चाहिए। इसलिए क्योंकि दवाओं की कीमतें फार्मेसियों के बीच उतार-चढ़ाव नहीं करती हैं।

## आज का इतिहास – बढ़ता राजस्थान

### 23 जनवरी की महत्त्वपूर्ण घटनाएँ

- 1565 में हुए टेलीकोटा के युद्ध में हिंदु साम्राज्य विजयनगर का पतन हुआ।
- हॉलैंड और इंग्लैंड ने 1668 में आपसी सहयोग समझौता किया।
- 1760 में हुए वांदीवाश के युद्ध में अंग्रेजों ने फ्रांसीसियों को हराया।
- ह्यूमन सोसायटी ऑफ़ फिलाडेल्फिया का गठन 1793 में हुआ।
- 1793 में दूसरी बार पोलैंड का विभाजन हुआ था।
- नेपल्स इटली पर फ्रांसीसी सैनिकों ने 1799 में कब्ज़ा किया।
- प्रशिया ने आस्ट्रिया के बिना 1849 में 'जर्मन यूनियन' का प्रस्ताव किया।
- 1849 में मेडिकल डिग्री हासिल करने वाली पहली अमेरिकी महिला एलिजाबेथ ब्लैकवेल बनीं।
- 1913 में हुए सैनिक क्रांति में तुर्की की नाजिम पाशा मारे गये।
- भारत में 1920 में एयरमेल एवं वायु परिवहन सेवाओं की शुरुआत हुई।
- सोवियत संघ ने 21 जनवरी को हुई लेनिन की मृत्यु की आधिकारिक घोषणा 1924 में की।
- क्लाइड टॉमबॉग ने 1930 में सबसे पहली बार प्लूटो ग्रह की फोटो ली।
- अल सल्वाडोर में सेना ने 1932 में प्रदर्शन कर रहे चार हजार किसानों की हत्या की।
- प्रतिरोपण प्रक्रिया के तहत अमरीका के मिसीसिपी नगर में 1964 में पहली बार किसी पशु के अंग को मनुष्य के शरीर में लगाया गया। लेकिन थोड़ी देर बाद वह व्यक्ति मर गया।
- दुर्गापुर अलॉय इस्पात संयंत्र की स्थापना 1965 में हुई।
- इंदिरा गाँधी 1966 में भारत की प्रधानमंत्री बनीं।
- भगवान् गौतम बुद्ध के नगर कपिलवस्तु को 1976 में खुदाई में खोजा गया।
- जनता पार्टी का गठन 1977 में हुआ।
- संयुक्तराष्ट्र अमेरिका के राष्ट्रपति रिचर्ड निक्सन ने 1973 में वियतनाम शांति समझौते की घोषणा की।
- गैसोलिन की बिक्री पर 1991 में इराक के तेल मंत्रालय ने रोक लगाई।
- मध्यप्रदेश में गोवंश वध पर 2004 में पूर्णतया प्रतिबंध लागू।
- फ़िल्मी और टेलीविज़न कार्यक्रमों में धूम्रपान दृश्यों पर लगा प्रतिबंध 2009 में समाप्त हो गया।

### 23 जनवरी को जन्मे व्यक्ति

- 23 जनवरी 1809 को भारतीय स्वतंत्रता सेनानी वीर सुरेन्द्र साई का जन्म।
- 23 जनवरी 1897 को भारत के स्वतंत्रता सेनानी नेताजी सुभाषचंद्र बोस का जन्म।
- 23 जनवरी 1926 को शिवसेना के संस्थापक और भारतीय राजनेता बालासाहेब ठाकरे का जन्म।
- 23 जनवरी 1930 को पश्चिम भारतीय लेखक एवं नोबेल पुरस्कार विजेता डेरेक वॉलकोट का जन्म।
- 23 जनवरी 1814 को भारत के पुरातत्त्व अन्वेषण का पिता कहा जाने वाले कनिंघम का जन्म।

## विशेष आलेख

23 जनवरी जयन्ती पर विशेष

# साहसी व पराक्रमी योद्धा थे नेताजी सुभाष चन्द्र बोस



– रमेश सर्राफ धमोरा

**नेताजी सुभाष चंद्र बोस का जन्म 23 जनवरी 1897 को उड़ीसा में कटक के एक संपन्न बंगाली परिवार में हुआ था। बोस के पिता का नाम जानकीनाथ बोस और मां का नाम प्रभावती था। जानकीनाथ बोस कटक शहर के मशहूर वकील थे। प्रभावती और जानकीनाथ बोस की कुल मिलाकर 14 संतानें थी, जिसमें 6 बेटियां और 8 बेटे थे। सुभाष चंद्र उनकी नौवीं संतान और पांचवें बेटे थे। नेताजी ने अपनी प्रारंभिक पढ़ाई कटक के रेवेंशॉव कॉलेजिएट स्कूल में हुई। तत्पश्चात् उनकी शिक्षा कलकत्ता के प्रेजिडेंसी कॉलेज और स्कॉटिश चर्च कॉलेज से हुई। उनको उन्होने इंग्लैंड के केंब्रिज विश्वविद्यालय से सिविल सर्विस की परीक्षा में चौथा स्थान प्राप्त किया था।**

नेताजी सुभाष चन्द्र बोस द्वारा दिया गया जय हिन्द का नारा भारत का राष्ट्रीय नारा बन गया। तुम मुझे खून दो मैं तुम्हे आजादी दूंगा का नारा भी उनका उस समय अत्यधिक प्रचलन में आया। आजादी की जंग में प्रमुख भूमिका निभाने वाले स्वतंत्रता संग्राम सेनानी और महान क्रांतिकारी नेताजी सुभाष चंद्र बोस की 23 जनवरी को 127 वीं जयंती मनाई जा रही है। उनकी जयंती को पराक्रम दिवस के रूप में मनाया जाता है। उनका पूरा जीवन ही साहस व पराक्रम का उदाहरण है।

1921 में भारत में बढ़ती राजनीतिक गतिविधियों का समाचार पाकर बोस ने सिविल सर्विस की सरकारी नौकरी छोड़ कर कांग्रेस से जुड़ गए। 1928 में जब साइमन कमीशन भारत आया तब कांग्रेस ने उसे काले झण्डे दिखाये। कोलकाता में नेताजी ने इस आन्दोलन का नेतृत्व किया। साइमन कमीशन को जवाब देने के लिये कांग्रेस ने भारत का भावी संविधान बनाने का काम आठ सदस्यीय आयोग को सौंपा। मोतीलाल नेहरू इस आयोग के अध्यक्ष और सुभाष बोस उसके एक सदस्य थे।

26 जनवरी 1931 को कोलकाता में राष्ट्र ध्वज फहराकर सुभाष एक विशाल मोर्चे का नेतृत्व कर रहे थे तभी पुलिस ने उनको जेल भेज दिया। जब सुभाष बोस जेल में थे तब गांधी जी ने अंग्रेज सरकार से समझौता किया और सब कैदियों को रिहा करवा दिया। लेकिन अंग्रेज सरकार ने सरदार भगत सिंह जैसे क्रान्तिकारियों को रिहा करने से साफ इन्कार कर दिया। भगत सिंह की फांसी माफ कराने के लिये गांधी जी ने सरकार से बात तो की परन्तु नरमी के साथ। सुभाष चाहते थे कि इस विषय पर गांधीजी अंग्रेज सरकार के साथ किया गया समझौता तोड़ दें। लेकिन गांधीजी अपना वचन तोडने को राजी नहीं थे। अंग्रेज सरकार द्वारा भगत सिंह व उनके साथियों को फांसी दे दी गयी। भगत सिंह को बचा नहीं पाने पर सुभाष बोस गांधीजी और कांग्रेस से बहुत नाराज हो गये।

1930 में सुभाष कारावास में रहते हुये ही कोलकाता महापौर का चुनाव जीतने पर सरकार उन्हें रिहा करने पर मजबूर हो गयी। 1932 में सुभाष को फिर से कारावास हुआ। इस बार उन्हें अल्मोड़ा जेल में रखा गया। अल्मोड़ा जेल में उनकी तबियत फिर से खराब होने पर सुभाष इलाज के लिये यूरोप चले गये। सन् 1933 से लेकर 1936 तक सुभाष यूरोप में रहे। यूरोप में सुभाष इटली के नेता मुसोलिनी से मिले। जिन्होंने उन्हें भारत के स्वतन्त्रता संग्राम में सहायता करने का वचन दिया। 1938 में गांधीजी ने कांग्रेस के हरिपुरा वार्षिक अधिवेशन में अध्यक्ष पद के लिए सुभाष को चुना तो था मगर उन्हें उनकी कार्यपद्धति पसन्द नहीं आयी। इसी दौरान यूरोप में द्वितीय विश्वयुद्ध के बादल छा गए थे। सुभाष चाहते थे कि इंग्लैंड की इस कठिनाई का लाभ उठाकर भारत का स्वतन्त्रता संग्राम अधिक तीव्र किया जाये। उन्होंने अपने अध्यक्षीय कार्यकाल में इस ओर कदम उठाना भी शुरू कर दिया था। परन्तु गांधीजी इससे सहमत नहीं थे। 1939 में जब नया कांग्रेस अध्यक्ष चुनने का वक्त आया तब सुभाष चाहते थे कि कोई ऐसा व्यक्ति अध्यक्ष बनाया जाये जो इस मामले में किसी दबाव के आगे बिल्कुल न झुके। ऐसा किसी दूसरे व्यक्ति के सामने न आने पर सुभाष ने स्वयं कांग्रेस अध्यक्ष बने रहना चाहा। लेकिन गांधीजी उन्हें अध्यक्ष पद से हटाना चाहते थे। गांधीजी ने अध्यक्ष पद के लिये पट्टाभि सीतारमैया को चुना। बहुत बरसों बाद कांग्रेस पार्टी में अध्यक्ष पद के लिये चुनाव हुआ। चुनाव में नेताजी सुभाष को 1580 मत व सीतारमैय्या को 1377 मत मिले। गांधीजी के विरोध के बावजूद सुभाष बाबू 203 मतों से चुनाव जीत गये। गांधीजी ने पट्टाभि सीतारमैय्या की हार को अपनी हार बबताया। इसके बाद कांग्रेस कार्यकारिणी के 14 में से 12 सदस्यों ने इस्तीफा दे दिया। 3 मई 1939 को सुभाष ने फॉरवर्ड ब्लॉक के नाम से अपनी पार्टी की स्थापना की। सुभाष चंद्र बोस ने 1937 में अपनी सेक्रेटरी और ऑस्ट्रियन युवती एमिली से शादी की। उन दोनों की अनीता नाम की एक बेटी भी हुई। जर्मनी जाकर नेताजी हिटलर से मिले। 1943 में उन्होने जर्मनी छोड़ दिया। वहां से वह जापान पहुंचे। जापान से वह सिंगापुर पहुंचे। जहां उन्होंने कैप्टन मोहन सिंह द्वारा स्थापित आजाद हिंद फौज की कमान अपने हाथों में ले ली। उस वक्त रास बिहारी बोस आजाद हिंद फौज के नेता थे। उन्होंने आजाद हिंद फौज का पुनर्गठन किया। महिलाओं के लिए रानी झांसी रेजिमेंट का भी गठन किया लक्ष्मी सहगल जिसकी कैप्टन बनी। नेताजी के नाम से प्रसिद्ध सुभाष चन्द्र ने सशक्त क्रान्ति द्वारा भारत को स्वतंत्र कराने के उद्देश्य से 21 अक्टूबर 1943 को आजाद हिन्द सरकार की स्थापना की जिसे जर्मनी, जापान, फिलीपींस, कोरिया, चीन, इटली, मान्चुको और आयरलैंड ने मान्यता दी। आजाद हिन्द फौज के प्रतीक चिह्न पर एक झंडे पर दहाड़ते हुए बाघ का चित्र बना होता था। नेताजी अपनी आजाद हिंद फौज के साथ 4 जुलाई 1944 को बर्मा पहुँचे। यहीं पर उन्होंने अपना प्रसिद्ध नारा, तुम मुझे खून दो, मैं तुम्हें आजादी दूंगा दिया। खून भी एक दो बूँद नहीं इतना कि खून का एक महासागर तैयार हो जाये और उसमें मैं ब्रिटिश साम्राज्य को डूबो सकूं।

1944 को आजाद हिन्द फौज ने अंग्रेजों पर दोबारा आक्रमण किया और कुछ भारतीय प्रदेशों को अंग्रेजों से मुक्त भी करा लिया। द्वितीय विश्वयुद्ध के दौरान आजाद हिन्द फौज ने जापानी सेना के सहयोग से भारत पर आक्रमण किया। अपनी फौज को प्रेरित करने के लिये नेताजी ने दिल्ली चलो का नारा दिया। दोनों फौजों ने अंग्रेजों से अंदमान और निकोबार द्वीप जीत लिये। यह द्वीप आजाद-हिन्द सरकार के नियंत्रण में रहे।

# दोषी बचे नहीं और निर्दोष को सजा मिले नहीं



– सुनील कुमार महला

**हाल ही में पश्चिमी बंगाल और केरल में कोर्ट के दो फैसले पूरे देश में चर्चा का विषय रहे। उल्लेखनीय है कि कोलकाता के बहुचर्चित आरजी कर मेडिकल कॉलेज में लेडी डॉक्टर के साथ हुए दिल दहला देने वाले रेप और मर्डर केस में सियालदह कोर्ट ने हाल ही में दोषी संजय रॉय को उम्रकैद की सजा सुनाई है।इस फैसले ने एक ओर न्याय व्यवस्था में विश्वास को मजबूत किया है, वहीं पर दूसरी ओर पीड़ित परिवार और समाज के एक बड़े वर्ग को निराश भी किया। माननीय कोर्ट ने इस मामले को रेयरेस्ट ऑफ रेयर नहीं माना और दोषी को मौत की सजा देने से इनकार कर दिया।**

केरल के तिरुवनंतपुरम में एक ऐतिहासिक फैसले के तहत डिस्ट्रिक्ट कोर्ट ने 24 वर्षीय ग्रीष्मा को अपने बायफ्रेंड की हत्या के जुर्म में फांसी की सजा सुनाई है। गौरतलब है कि अक्टूबर 2022 में ग्रीष्मा ने अपने प्रेमी शेरोन राज की आयुर्वेदिक टॉनिक में जहर मिलाकर हत्या कर दी थी। माननीय कोर्ट ने अपने 586 पत्रों के फैसले में इसे रेयरेस्ट ऑफ रेयर मामला करार दिया और कहा कि ग्रीष्मा ने जानबूझकर और योजनाबद्ध तरीके से शेरोन की हत्या की। अपने फैसले के दौरान अदालत ने यह भी कहा कि ग्रीष्मा का यह अपराध न केवल क्रूर था, बल्कि यह समाज को गलत संदेश देने वाला है। बहरहाल, यहां यह जानना जरूरी है कि आखिर रेयरेस्ट ऑफ रेयर(दुर्लभतम से दुर्लभ) केस आखिर है क्या ? तो इस संबंध में पाठकों को जानकारी देना चाहूंगा कि वर्ष 1980 में पंजाब में बचन सिंह बनाम पंजाब राय का एक ऐसा मामला आया था जब देश में फांसी की सजा पर बहस छिड़ी थी।बचन सिंह नाम के एक शख्स को अपनी पत्नी की हत्या के जुर्म में 14 साल की सजा सुनाई गई। जेल से छूटने के बाद वह अपने भाई के साथ उसी के घर पर रहने लगा, लेकिन भाई हुकुम सिंह और उसके बीवी-बच्चों को यह पसंद नहीं था, इसलिए विवाद लगातार बढ़ता चला गया और 4 जुलाई, 1977 को गुस्से में आकर बच्चन सिंह ने कुल्हाड़ी से अपनी दो भतीजी और भतीजे को मार डाला। हुकुम सिंह की एक और बेटी पर वार किए गए, लेकिन वो बच गई। इसके बाद सेशन कोर्ट की मौत की सजा को माननीय हाइकोर्ट ने भी बरकरार रखा।बच्चन सिंह ने संविधान के अनुच्छेद 136 के आधार पर स्पेशल लीव पीटिशन (एसएलपी) दायर की। संविधान के अनुच्छेद 14,19 और 21 का हवाला देकर उसने फांसी की सजा के खिलाफ अपील की। यहां पाठकों को जानकारी देना चाहूंगा कि भारतीय संविधान में अनुच्छेद-21 जीवन और व्यक्तिगत स्वतंत्रता का अधिकार देता है। इसका तात्पर्य है कि किसी भी व्यक्ति को उसके जीवन या व्यक्तिगत स्वतंत्रता से वंचित नहीं किया जा सकता जब तक कि विधि द्वारा स्थापित प्रक्रिया का पालन न किया जाए।

बहरहाल, पाठकों को जानकारी देना चाहूंगा कि इसके बाद धारा 302 में सजा को लेकर पूरे देश में बहस शुरू हो गई। इस संदर्भ में बाद में माननीय उच्चतम न्यायालय ने भी एक बहुत ही ऐतिहासिक फैसला सुनाते हुए बच्चन सिंह की फांसी को बरकरार रखा, लेकिन साथ ही फांसी की सजा की परिभाषा को विस्तार देते हुए माना कि रेयरेस्ट ऑफ रेयर केस में भारतीय संविधान में दिए गए जीने के अधिकार को वापस लिया जा सकता है। भारत के इतिहास में यह पहला मामला था, जब रेयरेस्ट ऑफ रेयर की बात कही गई थी। कहना ग़लत नहीं होगा कि माननीय सुप्रीम कोर्ट ने 1980 में फैसला सुनाते हुए फांसी को रेयरेस्ट ऑफ रेयर में डाला। साथ ही यह भी कहा कि फांसी की सजा तभी दी जानी चाहिए, जब उम्रकैद काफी

## शख्सियत – बढ़ता राजस्थान



श्रीमति मनीषा लेघा
(राजस्थान प्रशासनिक सेवा अधिकारी)

नमस्कार साथियों हमारी आज की शख्सियत कॉलम की स्टार हैं राजस्थान प्रशासनिक सेवा की अधिकारी श्रीमति मनीषा लेघा। बेहद उम्दा और शानदार अधिकारी के रूप में इन्हे जाना जाता है। 21 फरवरी सन 1989 को बीकानेर जिले में जन्मी मनीषा आज उप महानिरीक्षक, पंजीयन एवं मुद्रांक बीकानेर.वृत पद को सुशोभित कर रही हैं।

इससे पूर्व ये जिला रसद अधिकारी, अलवर रहीं। सहायक निदेशक, लोक सेवाऐं, प्रशासनिक सुधार एवं समन्वय विभाग, जयपुर। उपखण्ड अधिकारी, भिनाय (अजमेर)। उपायुक्त नगर निगम, जयपुर हैरिटेज, जयपुर सहायक कलक्टर, आमेर जयपुर। सहायक कलक्टर एवं कार्यपालक मजिस्ट्रेट (फास्ट ट्रेक) आमेर (जयपुर)। उपखण्ड अधिकारी, नांगल (दौसा)। सहायक कलक्टर एवं कार्यपालक मजिस्ट्रेट (मुख्यालय) फागी, जयपुर। सहायक कलक्टर एवं कार्यपालक मजिस्ट्रेट (प्रशिक्षणाधीन) चूरू। प्रशिक्षणाधीन हरिशचन्द्र माथुर राजस्थान राज्य लोक प्रशासन संस्थान, जयपुर। एक अच्छे प्रशासनिक अधिकारी के रूप में इन्हे जाना जाता है। अपने अधिनस्थ कर्मचारियों व अधिकरियों के साथ बेहतरीन समन्वय और अपने उच्चाधिकारियों के साथ आपसी तालमेल बिठाकर सरकार की कल्याणकारी योजनाओं का लाभ आमजन तक पहुँचाने का प्रयास करती हैं। दैनिक बढ़ता राजस्थान की टीम इनके उज्जवल भविष्य की कामना करती है।

रूपक शर्मा

## 2025_023 a बढ़ता राजस्थान

Suduko

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 7 | | | 6 | | 9 | 3 | 5 | 2 |
| 4 | | 9 | 7 | 2 | 5 | | | 8 |
| 2 | 6 | | | 3 | 8 | | | 9 |
| 8 | | | 9 | 1 | 7 | | 6 | 3 |
| | 7 | | 2 | | 4 | | | |
| 1 | 9 | | | | | | 7 | |
| | | 8 | 5 | | 2 | 1 | | |
| | | 7 | 3 | | | 5 | 2 | 4 |
| | | 6 | | 9 | 1 | | | |

Ans_2025_022

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 6 | 9 | 3 | 8 | 7 | 4 | 5 |
| 5 | 7 | 9 | 1 | 2 | 4 | 3 | 8 | 6 |
| 3 | 8 | 4 | 7 | 6 | 5 | 2 | 1 | 9 |
| 9 | 4 | 2 | 6 | 7 | 3 | 8 | 5 | 1 |
| 8 | 1 | 5 | 4 | 9 | 2 | 6 | 7 | 3 |
| 6 | 3 | 7 | 8 | 5 | 1 | 9 | 2 | 4 |
| 2 | 9 | 3 | 5 | 1 | 7 | 4 | 6 | 8 |
| 4 | 6 | 1 | 2 | 8 | 9 | 5 | 3 | 7 |
| 7 | 5 | 8 | 3 | 4 | 6 | 1 | 9 | 2 |

### कैसे खेलें

वर्ग को 1 से 9 तक अंकों से ऐसे भरें कि आड़ी व खड़ी पंक्ति के साथ ही 3 गुणा 3 के बॉक्स में 1 से 9 तक अंक आएं। काई अंक दुबारा नहीं आए।

## आज का राशिफल

हमारे अनुभवी ज्योतिषियों की टीम के अनुसार आप कई विविध लक्ष्यों को पूरा करेंगे। क्या आप यह जानना चाहते है कि आपके जीवन के ऐसे कौनसे क्षेत्र है, जहां आपके सितारे बुलंद रहेंगे और दूसरी तरफ, आपको किस बातों से सावधान रहना चाहिए। हम न सिर्फ हमारे काम में और जटिल मुद्दों को सुलझाते वक्त सकारात्मक ऊर्जा को महसूस करेंगे, बल्कि पारम्परिक संबंधों में भी, जहां यह स्थानान्तरण हमें संताप और बातचीत में लाभ प्रदान करेगा

### मेष
आज के दिन बौद्धिक काम, नए सृजन और साहित्यिक गतिविधि में आप उलझे रहेंगे। किसी धार्मिक यात्रा का आयोजन हो सकता है। व्यापार में लाभ का अवसर मिलेगा। आज आपको कार्यालय और व्यापार में थोड़ा संभलकर चलना होगा।

### वृष
आज का आपका दिन लाभकारी है। पारिवारिक और प्रोफेशनल दोनों ही क्षेत्रों में आपकी प्रतिष्ठा में वृद्धि होगी। घर-परिवार में आनंद का वातावरण आप को खुश रखेगा। बहुत दिनों से अटके सरकारी कामों में सफलता मिलेगी।

### मिथुन
मानसिक रूप से आप में भावुकता की मात्रा अधिक रहेगी। किसी बात को लेकर ज्यादा विचलित ना हों। अपनी कल्पनाशक्ति से साहित्य-सृजन में आप नवीनता ला पाएंगे। सुख-शांति बनी रहेगी। व्यवसाय में सफलता प्राप्त होगी।

### कर्क
मित्रों का सहयोग भी आप को प्राप्त होगा। विरोधियों पर विजय प्राप्त होगी। पारिवारिक शांति बनाए रखने के लिए निरर्थक वाद-विवाद न करें। आप की रचनात्मकता में सकारात्मक वृद्धि होगी। विद्यार्थियों के लिए समय अनुकूल है।

### सिंह
सुबह का समय दोस्तों के साथ घूमने-फिरने, खान-पान एवं मनोरंजन में बीत सकता है। पार्टनरशिप काम में ध्यान रखें। व्यापार में ज्यादा लाभ की उम्मीद नहीं है। दोपहर के बाद आप को प्रतिकूलता का सामना करना पड़ सकता है।

### कन्या
दोस्तों के साथ मुलाकात होगी। किसी तरह का आर्थिक लाभ भी हो सकता है। हालांकि, स्वास्थ्य को लेकर उतार-चढ़ाव बना रहेगा। संतान सम्बंधी शुभ समाचार आप को मिलेंगे। पुराने और बचपन के दोस्तों से मुलाकात हो सकती है।

### तुला
अपनी वाणी और व्यवहार को संयमित रखना आपके ही हित में रहेगा। आज आपकी नौकरी और व्यवसाय में रुचि बढ़ेगी। आज स्वास्थ्य का ध्यान रखें। साथी कर्मचारियों का साथ मिलेगा। संतान की चिंता आपको हो सकती है।

### वृश्चिक
स्वास्थ्य का ध्यान रखें। दोपहर के बाद पारिवारिक जीवन में हर्षोल्लास का वातावरण बना रहेगा। आज कोई नया काम शुरू कर सकते हैं। पिता से आपको लाभ होगा। ज्योतिष और आध्यात्मिक विषयों में आपकी रुचि बनी रहेगी।

### धनु
छोटे भाइयों का सहयोग प्राप्त होगा। संचित कोष में वृद्धि होगी। प्रतिद्वंद्विता में वृद्धि होगी। जीवनसाथी से अनबन हो सकती है। स्थायी संपत्ति खरीदने-बेचने की योजना बन सकती है। परीक्षा व साक्षात्कार आदि में सफलता प्राप्त होगी।

### मकर
स्वभाव में उग्रता हो सकती है, इसलिए वाणी पर संयम रखें। दोपहर के बाद आप आप मनोरंजन की ओर ज्यादा बढ़ेंगे। मित्रों और स्नेहीजनों के साथ प्रवास या पर्यटन का योग है। शारीरिक और मानसिक रूप से आप स्वस्थ रह पाएंगे।

### कुंभ
आज वाणी पर संयम रखें. स्नेहीजनों के साथ किसी बात पर विवाद हो सकता है। आय की अपेक्षा व्यय अधिक रहेगा। किसी उलझन में दिन गुजरेगा। स्वास्थ्य के प्रति जागरूक रहें। आप नए काम का आरंभ कर सकेंगे।

### मीन
दवाई खरीदने या अस्पताल की फीस पर आकस्मिक खर्च हो सकता है। आज दृढ़ मनोबल और आत्मविश्वास के साथ हर काम को आसानी से बना पाएंगे। गृहस्थ जीवन में सुख और शांति बनी रहेगी। शारीरिक स्वास्थ्य अच्छा बना रहेगा। स्नेहीजनों के साथ घनिष्ठता बढ़ेगी।

# आमजन को मिले राजकीय अस्पतालों में बेहतर चिकित्सा व स्वास्थ्य सेवाएं- शुभम

## जिला कलक्टर ने किया गंगापुर अस्पताल का औचक निरीक्षण

बढ़ता राजस्थान



**सवाई माधोपुर( राकेश शर्मा )।** आमज को बेहतर चिकित्सा एवं स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध करवाने के उद्देश्य से जिला कलक्टर शुभम चौधरी ने बुधवार को राजकीय सामान्य चिकित्सालय गंगापुर सिटी का औचक निरीक्षण कर व्यवस्थाओं का जायजा लिया। जिला कलक्टर ने कहा कि आमजन को राजकीय अस्पतालों में बेहतर चिकित्सा व स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध कराना सरकार की प्राथमिकता में है। उन्होंने कहा कि अस्पताल में डॉक्टर सहित स्टॉफ निर्धारित समय पर आकर उपस्थिति पंजिका में उपस्थिति दर्ज कर समय भी अवश्य रूप से अंकित करें। उन्होंने अस्पताल परिसर में प्रत्येक वार्ड एवं शौचालयों की नियमित रूप साफ-सफाई करवाने, रोगी बेड पर अच्छे गद्दे, धुली हुई बेडशीट की व्यवस्था करने, प्रतिदिन नियमित रूप से बायोमेडिकलवेस्ट का निस्तारण करवाने के निर्देश अस्पताल प्रभारी को दिए। इस दौरान उन्होंने चिकित्सकों, नर्सिंग स्टाफ, संविदा कर्मियों की उपस्थिति पंजिका की जांच कर अनुपस्थित कार्मिकों के विरूद्ध नियमानुसार कार्यवाही के निर्देश करने के निर्देश दिए। उन्होंने अस्पताल परिसर वाहनों को व्यवस्थित तरीके से पार्क करवाने के निर्देश दिए है ताकि मरीजों, उनके परिजनों एवं एम्बुलेन्स को आने जाने में अनावश्यक परेशानी का सामना न करना पड़े।

उन्होंने मुख्यमंत्री आयुष्मान आरोग्य योजना का लाभ प्रत्येक पात्र व्यक्ति तक पहुंचे इसके लिए योजना की जानकारी व पात्रता का अंकन सदृश्य स्थान पर कराने के निर्देश स्वास्थ्य मार्गदर्शक को दिए ताकि अधिक से अधिक मरीजों को सरकार की योजना का लाभ मिल सकें। इस दौरान उन्होंने दवा वितरण केंद्र, टीकाकरण कक्ष, ओपीडी, आईपीडी, मातृ शिशु स्वास्थ्य इकाई, एक्स-रे कक्ष, लेवर कक्ष, मेडिकल वार्ड, महिला एवं पुरुष वार्ड का निरीक्षण कर व्यवस्थाओं दुरस्त करने के निर्देश संबंधित अधिकारी को दिए। उन्होंने अस्पताल परिसर में मरीजों के परिजनो से संवाद कर चिकित्सा व्यवस्थाओं का फीडबैक जाना। साथ ही उन्होंने अस्पताल परिसर में मिलने वाली सरकारी दवाईयों की गुणवत्ता की जानकारी भी मरीजों के परिजनों से ली। वहीं उन्होंने वार्डो में जाकर भर्ती मरीजों से उनकी कुशलक्षेम पूंछी और चिकित्सकों द्वारा दी जाने वाली सेवाओं की जानकारी ली। उन्होंने चिकित्सकों एवं नर्सिंग स्टाफ निर्देशित किया कि राज्य सरकार के निर्देशानुसार अस्पताल में भर्ती मरीज को ऑनबेड ही दवा की सुविधा उपलब्ध करवाई जाए। इस दौरान उन्होंन सोनोग्राफी कक्ष का भी निरीक्षण कर व्यवस्थाओं को देखा।

## जिला कलक्टर ने गंगापुर में ब्लॉक स्तरीय अधिकारियों की ली बैठक

बढ़ता राजस्थान



**सवाई माधोपुर( राकेश शर्मा )।** जिला कलक्टर शुभम चौधरी बुधवार को गंगापुर सिटी दौरे पर रही। इस दौरान जिला कलक्टर ने उपखण्ड कार्यालय गंगापुर सिटी में ब्लॉक स्तरीय अधिकारियों की बैठक आयोजित कर विभागीय अधिकारियों को आवश्यक दिशा निर्देश दिए। जिला कलक्टर ने एमएलए, एमपी लेड से स्वीकृत कार्यो की समीक्षा कर लंबित कार्यों को करवाने वहीं शुरू नहीं हो सकने वाले कार्यों सूची उपलब्ध करवाने के लिए विकास अधिकारी बामनवास एवं गंगापुर सिटी को निर्देश दिए। इसके साथ ही उन्होंने राजस्थान सम्पर्क पोर्टल पर प्राप्त होने वाले प्रकरणों को नियमित रूप से संतुष्टीपूर्ण निस्तारण करने के निर्देश सभी ब्लॉक स्तरीय अधिकारियों को दिए है। उन्होंने कहा कि सम्पर्क पोर्टल पर 90 दिन से अधिक की शिकायतों को प्राथमिकता के साथ निस्तारण किया जाए। उपखण्ड मुख्यालय पर सीमाज्ञान, अतिक्रमण, भूमि विवाद जैसे प्रकरणों को तत्काल प्रभाव से निस्तारित करें इस प्रकार के कोई भी प्रकरण लंबित न रहे।

इस दौरान जिला कलक्टर ने जल जीवन मिशन योजना की प्रभावी मॉनिटरिंग करने, विद्यालय, सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्रों, प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्रों का फिल्ड विजिट कर साफ-सफाई सहित अन्य आवश्यक व्यवस्था सुनिश्चित करने के निर्देश उपखण्ड अधिकारी एवं विकास अधिकारी को प्रदान किए। बैठक में उन्होंने ब्लॉक स्तरीय अधिकारियों से क्षेत्र में बिजली, पानी, सड़क संबंधी समस्याओं के बारे में चर्चा कर जानकारी ली। उन्होंने कहा कि सीवरेज कार्यो के द्वारा खोदी गई सड़कों की तुरन्त प्रभाव से मरम्मत की जाए। उन्होंने एसडीएम गंगापुर सिटी से राजकीय सामान्य चिकित्सालय गंगापुर सिटी के बारे में जानकारी लेकर समय-समय पर अस्पताल का निरीक्षण करने के निर्देश दिए।

इस दौरान उन्होंने बजट घोषणा, भूमि आवंटन एवं राईजिंग राजस्थान से संबंधित भू-आवंटन के प्रकरणों की समीक्षा भी की। इस दौरान उन्होंने आभा आईडी, आयुष्मान कार्ड, शिक्षा, चिकित्सा, स्वच्छ भारत मिशन, नरेगा में स्वीकृत कार्यो की जानकारी संबंधित विभागीय अधिकारी से ली। बैठक में एसडीएम गंगापुर सिटी बृजेन्द्र मीना, एसडीएम वजीरपुर पिंकी गुर्जर, एसडीएम बामनवास नरेन्द्र मीना, विकास अधिकारी बामनवास डॉ. जगदीश गुर्जर, तहसीलदार बामनवास बनवारी शर्मा सहित अन्य ब्लॉक स्तरीय अधिकारी उपस्थित रहे।

## पक्षीघर का 26 को जलदाय मंत्री करेगें शुभारम्भ

### भामाशाहो व दानदाताओं का सम्मान भी होगा

बढ़ता राजस्थान



**मालपुरा ( कृष्णचन्द्र विजय )।** भारत विकास परिषद की ओर से भामाशाह के सहयोग से सार्वजनिक निर्माण विभाग के विश्राम गृह के बाहर नवनिर्मित पक्षीघर का 26 जनवरी को प्रदेश के जलदाय मंत्री व क्षैत्रीय विधायक कन्हैयालाल चौधरी द्वारा किया जाएगा। इस संबंध में जानकारी देते हुए परिषद प्रवक्ता दिनेश विजय ने बताया कि परिषद ने भामाशाह के सहयोग से विशाल एवं भव्य पक्षी घर का निर्माण करवाया है। विजय ने बताया कि भामाशाहो के सहयोग से पक्षीघर के पास ही पक्षीयो के बैठने के लिए एक चबूतरे का निर्माण करवाया गया है। पक्षीघर का शुभारम्भ 26 जनवरी को किया जाएगा। शुभारम्भ मौके पर आयोजित समारोह के मुख्य अतिथि प्रदेश के जलदाय मंत्री व मालपुरा टोडारायसिंह विधानसभा क्षैत्र के विधायक कन्हैयालाल चौधरी होगें। समारोह के विशिष्ट अतिथि भामाशाह सुमेर बड़जात्या होगें। कार्यक्रम को लेकर परिषद की आवश्यक बैठक आयोजित हुई। बैठक में हुए निर्णय के अनुसार परिषद अध्यक्ष रामजीलाल शर्मा व सरंक्षक एडवोकेट राजकुमार जैन की देखरेख में तैयारीया की जा रही है।

निर्णय के अनुसार समारोह के दौरान पक्षीघर एवं चबूतरे के निर्माण में सहयोग देने वाले सभी भामाशाहो व दानदाताओं का भी सम्मान किया जाएगा।

## राष्ट्रीय मतदाता दिवस कार्यक्रम-2025

### राज्यपाल हरिभाऊ बागड़े मतदाता जागरूकता प्रदर्शनी का उद्घाटन करेंगे

बढ़ता राजस्थान

**सवाई माधोपुर( राकेश शर्मा )।** भारत निर्वाचन आयोग द्वारा घोषित 15वें राष्ट्रीय मतदाता दिवस (25 जनवरी) के अवसर पर शनिवार को प्रदेश में राज्य, जिला और बूथ स्तर तक समारोह आयोजित किए जाएंगे। राजस्थान के राज्यपाल श्री हरिभाऊ बागडे की अध्यक्षता में मुख्य समारोह राजस्थान इंटरनेशनल सेंटर, जयपुर में होगा। मुख्य निर्वाचन अधिकारी नवीन महाजन ने बताया कि निर्वाचन विभाग, राजस्थान की ओर से आम नागरिकों की लोकतंत्र में भागीदारी बढ़ाने और मतदाता जागरूकता के लिए राष्ट्रीय मतदाता दिवस के दौरान कई गतिविधियां आयोजित होगी। इस दौरान निर्वाचन विभाग की ओर से चुनाव से जुड़े कार्यक्रमों, अभियानों और गतिविधियों में सक्रिय भागीदारी और उत्कृष्ट कार्यों के आधार पर राज्य स्तरीय पुरस्कार दिए जाएंगे।

महाजन ने बताया कि मुख्य समारोह में राज्यपाल श्री बागडे अधिकारियों और कार्मिकों को पुरस्कार वितरित करेंगे। प्रस्तावित कार्यक्रम के अनुसार, राजस्थान इंटरनेशनल सेंटर में मतदाता जागरूकता प्रदर्शनी आयोजित की जाएगी।

## ऊनी कम्बल संभलाए

बढ़ता राजस्थान

**मालपुरा ( कृष्णचन्द्र विजय )।** रोटरी क्लब मालपुरा सिटी द्वारा क्षैत्र के अजमेरी स्थित राउमावि के जरूरतमंद बच्चो के लिए ऊनी कम्बल वितरित करने के लिए प्राचार्य को संभलाऐ गए।

सचिव सुनील जैन ने बताया कि बुधवार को क्लब के सहायक प्रान्तपाल डॉ. अकिंत जैन, की मौजुदगी में रेखा देवी मेंमोरियल संस्थान अस्पताल में कार्यरत स्त्री रोग विशेषज्ञ डा. आस्था जैन के सहयोग से विद्यालय के जरूरतमंद विद्यार्थियों के लिए विद्यालय के प्राचार्य धनसिंह राजावत को ऊनी कम्बलो का पूरा सेट उपलब्ध कराया गया।

## नेताजी सुभाष चन्द्र बोस की जयन्ती आज,होगें कई कार्यक्रम

बढ़ता राजस्थान

**मालपुरा ( कृष्णचन्द्र विजय )।** स्वतन्त्रता सेनानी नेताजी सुभाष चन्द्र बोस की जयन्ती पर 23 जनवरी गुरूवार को कई कार्यक्रम आयोजित होगें। आयोजन से जुड़े जटाशंकर शर्मा ने बताया कि गुरूवार को प्रातः 9 बजे शहर के सभी विद्या मन्दिरो के छात्र घोष वादन के साथ रैली के रूप में सुभाष सर्किल पहुचेगें। यहां 11.30 बजे नेताजी की प्रतिमा पर पुष्पाजंली और माल्यार्पण होगा। साथ ही वक्ताओं द्वारा अपने विचारो के माध्यम से नेताजी को श्रद्धाजंली देगें। इस अवसर पर समारोह का आयोजन होगा। समारोह के मुख्य अतिथि रेखा देवी मेंमोरियल संस्थान के निदेशक डॉ. राकेश जैन होगें। समारोह के विशिष्ट अतिथि उपखण्ड अधिकारी अमित कुमार चौधरी, जिला आयोजना समिति सदस्य एवं पार्षद डॉ. अकिंत जैन, नगरपालिका के अतिरिक्त प्रशासनिक अधिकारी जयनारायण जाट एवं मालपुरा थाना प्रभारी चेनाराम बेड़ा होगें। इस मौके पर प्रधानाचार्य पुरूषोतम शर्मा, बालिका विद्यालय की प्रधानाचार्या अनुपम कालरा, शीला शर्मा भी अतिथि के रूप में मौजुद रहेगें। कार्यक्रम आयोजन समिति के अध्यक्ष एडवोकेट राजकुमार जैन, व्यवस्थापक त्रिलोकचन्द जैन, व प्रकाशचन्द पाटनी गोवर्धन शर्मा, प्रवीण वर्मा, विकास शर्मा सहित अन्य मौजुद प्रबुद्धजनो, विद्यार्थियों द्वारा नेताजी बोस की प्रतिमा पर पुष्पाजंली अर्पित की जाएगी।

## लैंगिक उत्पीड़न निवारण प्रतिषेध के बारे में किया जागरूक

बढ़ता राजस्थान

**सवाई माधोपुर( राकेश शर्मा )।** जिला विधिक सेवा प्राधिकरण द्वारा बुधवार को गीता देवी राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय में महिलाओं के कार्य स्थल पर लैंगिक उत्पीड़न निवारण प्रतिषेध एवं प्रतितोष अधिनियम 2013 के बारे में जागरूक करने के उद्देश्य से सेमिनार का आयोजन किया गया।

सेमीनार में असिस्टेंट लीगल एंड डिफेंस अक्षय राजावत द्वारा महिला अध्यापिकाओं, विद्यार्थियों को योजना के प्रावधान से रूबरू करवाया गया। उन्होंने बताया कि इस योजना के तहत कार्य स्थल पर कमेटी का गठन किया है। जिला स्तर पर यह कमेटी गठित की गई है। इसके तहत हेल्पलाइन के माध्यम से शिकायत दर्ज करवाई जा सकती है। उन्होंने विद्यालय के विद्यार्थियों व महिला अध्यापिकाओं को जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के तहत चलाए जा रहे कार्यों की विस्तार पूर्वक जानकारियां दी। इस अवसर पर प्रधानाचार्य विनोद कुमारी मोड, अध्यापक दिनेश चंद्र शर्मा, प्रतिभा पाठक, नीलू मीना, रेखा मीणा, ईलामुद्दीन आदि मौजूद रहे।


## जिला प्रशासन एवं रोजगार कार्यालय द्वारा रोजगार सहायता शिविर 28 जनवरी को

बढ़ता राजस्थान

**टोंक,( का.स. )।** जिला प्रशासन एवं रोजगार कार्यालय द्वारा मंगलवार, 28 जनवरी को रोजगार सहायता शिविर का आयोजन जिला रोजगार कार्यालय में किया जाएगा। जिला रोजगार अधिकारी राजकुमार मीना ने बताया कि रोजगार सहायता शिविर में निजी कंपनी बेरोजगार युवकों को मौके पर ही रोजगार उपलब्ध कराएगी। उन्होंने बताया कि बेरोजगार आशार्थी 2 फोटो समस्त मूल शैक्षिक दस्तावेज एवं अपना बायोडाटा साथ लाएं।

## शर्मा बने न्यायमित्र

बढ़ता राजस्थान



**मालपुरा ( कृष्णचन्द्र विजय )।** मालपुरा निवासी एवं राजस्थान उच्च न्यायालय के अधिवक्ता लक्ष्मीकांत शर्मा को राजस्थान विश्वविद्यालय के लॉ कालेज में व्याप्त अनियतिताओं को लेकर माननीय न्यायालय ने स्वप्रेरित प्रसंज्ञान लेते हुए जांच के लिए मालपुरा निवासी अधिवक्ता एडवोकेट लक्ष्मीकांत शर्मा सहित रामप्रताप सैनी को न्याय मित्र नियुक्त किया है।

ये दोनो न्याय मित्र लॉ कालेज के प्रधानाचार्य, टीचर्स सहित स्टूडेंट से मिलकर रिपोर्ट तैयार करेगें। जांच टीम लॉ कालेज में उपलब्ध सुविधाओं , कक्षा कक्ष, अन्य इल्फ्रास्ट्रक्चार लाईब्रेरी की जांच के बाद जस्टिस समीर जैन की एकलपीठ में प्रस्तुत करेगें।

## पुलिस थाना खंडार में जागरूकता शिविर का आयोजन



बढ़ता राजस्थान

**सवाई माधोपुर( राकेश शर्मा )।** नालसा द्वारा संचालित मानसिक रूप से बीमार एवं बौद्धिक रूप से असक्षम व्यक्तियों के लिए विधिक सेवाएं योजना 2024 के संबंध में बुधवार को पुलिस थाना खंडार में मानसिक रूप से बीमार एवं बौद्धिक रूप से असक्षम व्यक्तियों के संबंध में गठित लीगल सर्विसेज यूनिट मनोन्याय के सदस्यों द्वारा जागरूकता शिविर का आयोजन किया गया। आयोजित जागरूकता शिविर की अध्यक्षता तालुका विधिक सेवा समिति खंडार के पैनल अधिवक्ता हरिलाल बैरवा द्वारा की गई। पैनल अधिवक्ता हरिलाल बैरवा द्वारा उपस्थित आमजन, पुलिस थाना स्टाफ को मानसिक रूप से बीमार एवं बौद्धिक रूप से असक्षम व्यक्तियों को प्राप्त कानूनी अधिकारों एवं उनके लिए संचालित योजनाओं की जानकारी प्रदान की गई। जागरूकता शिविर में यूनिट के सदस्य पैनल अधिवक्ता रमेशचंद तेहरिया तथा अधिकार मित्र दिनेश कुमार बैरवा एवं संजीविका सोनी ने उपस्थित आमजन एवं पुलिस थाना स्टाफ को राष्ट्रीय मानसिक स्वास्थ्य नीति 2014 के तहत मानसिक स्वास्थ्य को बढ़ावा देने, मानसिक बीमारी से उबरने में सक्षम बनने तथा राष्ट्रीय मानसिक स्वास्थ्य कार्यक्रम के तहत मानसिक स्वास्थ्य सेवाएं प्रदान करने, सामुदायिक जागरूकता और भागीदारी को बढ़ावा देने, गंभीर मानसिक बीमारी वाले व्यक्तियों की देखभाल, आउटरीच सेवाएं आदि के संबंध में विस्तृत जानकारी प्रदान की गई। साथ ही यूनिट के सदस्यों द्वारा अवेयरनेस मॉड्यूल फॉर सीनियर सिटीजन के संबंध में जानकारी प्रदान कर उपस्थित आमजन को वरिष्ठ नागरिकों के कानूनी अधिकारों, उनके लिए संचालित योजनाओं, वरिष्ठ नागरिकों को प्राप्त निशुल्क विधिक सहायता आदि के संबंध में जागरूक किया गया।

## जांच शिविर 33 वाहन चालकों की आंखों हुई जांच

बढ़ता राजस्थान



**सवाई माधोपुर( राकेश शर्मा )।** जिले में 1 जनवरी से 31 जनवरी तक आयोजित हो रहे सड़क सुरक्षा माह के अन्तर्गत सड़क दुर्घटना को रोकने के लिए बुधवार को वाहन चालकों की आँखों की जांच के लिए शिविर का आयोजन हुआ। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. अनिल कुमार जैमिनी ने बताया कि जिले भर मे सड़क दुर्घटनाओं को रोकने और सड़क सुरक्षा के प्रति जागरूक करने के लिए सड़क सुरक्षा माह आयोजित किया जा रहा है।

## ' खंडार फिर से चला,विकास की और' पुस्तक का विमोचन

बढ़ता राजस्थान



**सवाई माधोपुर( राकेश शर्मा )।** भारतीय जनता पार्टी विधानसभा क्षेत्र खंडार में खंडार विधायक विकास पुरुष जितेन्द्र गोठवाल द्वारा एक वर्ष के कार्यकाल के दौरान कराए गए विकास कार्य की पुस्तक का विमोचन मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने किया। खंडार विधायक जितेन्द्र गोठवाल ने खंडार विधानसभा क्षेत्र में सभी विभागों में विकास कार्यों की गति को बरकरार रखते हुए करोड़ों रुपए के विकास कार्य स्वीकृत कराए हैं जिनके निर्माण कार्य प्रगति पर है । उच्च शिक्षा के क्षेत्र में भगवतगढ़ कन्या महाविद्यालय का कार्य प्रगति पर है, कन्या महाविद्यालय की मांग भगवतगढ़ क्षेत्र में काफी वर्षों से थी कॉलेज निर्माण से शिक्षा का स्तर बढ़ेगा व बालिकाओं को उच्च शिक्षा में सुविधा मिलेगी । सार्वजनिक निर्माण विभाग में नॉन पेचेवल सड़क निर्माण कार्य, लहसोड़ा चितारा रोड , भगवतगढ़ हथडोली मार्ग, चोरू चौथ का बरवाड़ा रोड, सेवती हरिपुरा रोड, बनास नदी पर पुल निर्माण व कई सड़कों व पुलियाओं की स्वीकृति से खंडार विधानसभा में सड़कों का जाल बिछेगा ।

सड़कों का चौड़ाई करण होने से यात्रा सुलभ होगी ढ्ढ आवागमन सुलभ होगा व क्षेत्रीय सुविधाओं का विस्तार होगा । बिजली विभाग में शिवाड़, बहरावंडा खुर्द,132 केवी जीएस, गिरधरपुरा 33 केवी से बिजली सम्बन्धी सुविधा मिलेगी । पशु धन में नए पशु केंद्र खुलने व क्रमोन्नत होने से पशु धन का लाभ मिलेगा किसानों को फायदा होगा । चिकित्सा के क्षेत्र में चिकित्सा केंद्रों की सुविधा मिलेगी । शिक्षा के क्षेत्र में स्कूलों में भवन निर्माण की स्वीकृति मिलने से शिक्षा व्यवस्था सुदृढ़ होगी । कई गांवों में सहकारिता भवन बनेंगे । किसानों को खाद बीज की सुविधा मिलेगी। आयुर्वेद औषधालय का निर्माण होगा व नवीन आंगनबाड़ी केंद्र खुलेंगे ।

खंडार विधायक जितेन्द्र गोठवाल के प्रयासों से खंडार विधानसभा क्षेत्र में फिर से विकास की गंगा बह रही है । क्षेत्र में चहुंमुखी विकास प्रगति पर है ढ्ढ सभी कार्यकर्ताओ में खुशी का माहौल है । सबको साथ लेकर चलने की भावना के साथ खंडार प्रतिबद्ध है । सबका साथ सबका विकास की भावना है ।

## अवैध बजरी से भरा हुआ डंपर जप्त

बढ़ता राजस्थान

**निवाई ( मनीष शर्मा )।** पुलिस अधीक्षक विकास सांगवान के आदेश अनुसार अवैध बजरी खनन परिवहन रोकथाम के क्रम में बरौनी पुलिस ने कार्रवाई करते हुए 50 टन अवैध बजरी से भरे डंपर को जप्त किया है। बरौनी थाना अधिकारी बृजेंद्र सिंह ने बताया कि पहाड़ी कट के समीप एनएच 52 पर अवैध बजरी से भरे डंपर को जप्त किया है। पुलिस ने डंपर चालक के विरुद्ध एमएमडीआर एक्ट में मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

## यूसीईईओ निवाई ने मुख्यमंत्री शिक्षित राजस्थान अभियान का प्रथम आंकलन का किया औचक निरीक्षण

बढ़ता राजस्थान



**निवाई ( मनीष शर्मा )।** पीएम श्री राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय निवाई के प्राचार्य देवेंद्र पाल सिंह ने जानकारी देते हुए बताया कि,मुख्यमंत्री शिक्षित राजस्थान अभियान के तहत कक्षा 3 से 8 तक के सभी बच्चो का दक्षता आधारित आंकलन प्रथम का आयोजन किया गया, इस आंकलन में कक्षा 3,4,5,6,7 एवम् 8 के सभी विद्यार्थियों के हिंदी,अंग्रेजी,गणित विषय का दक्षता आधारित आंकलन लिया जाता हे, उक्त दक्षता आधारित आंकलन का पीएम श्री राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय निवाई में आज प्रथम आंकलन लिया गया, इस परीक्षा में आज निवाई यूसीईईओ के सभी विद्यालयों में कक्षा 3 से 8 तक ल कक्षाओं का गणित विषय का आंकलन लिया गया, निवाई यूसीईईओ के सभी विद्यालयों के कुल 571 विद्यार्थियों ने इस प्रथम आंकलन में भाग लिया, इस दक्षता आधारित आंकलन से विद्यार्थियों की अर्जित दक्षताओं स्तर की जानकारी प्राप्त होगी,आगे स्तर अनुसार विद्यार्थी की पढ़ाई कराई जायेगी, उक्त आंकलन में पीएम श्री राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय निवाई के प्रहलाद राम गुर्जर, सुमन विजय, राजेश स्वर्णकार,अनीता पारीक, मनोज जैन की ड्यूटी रही, यूसीईईओ एवम् प्राचार्य देवेंद्र पाल सिंह ने बताया कि यह आंकलन विधार्थियों के स्तर को जांचने के लिए बहुत उपयोगी हैं।



जिला कलक्टर की अध्यक्षता में राजस्व अधिकारियों की बैठक सम्पन्न

# राजस्व अधिकारी बकाया राजस्व प्रकरणों का समय पर निस्तारण करवाना सुनिश्चित करें : जिला कलक्टर

बढ़ता राजस्थान

**कोटपूतली( बिल्लूराम सैनी )।** जिला कलक्टर कल्पना अग्रवाल ने कहा कि जिले में राजस्व अधिकारी राजस्व से संबंधित सभी प्रकार के प्रकरणों का विहित समय में निस्तारण करें, ताकि आमजन को जल्द से जल्द राहत मिल सके। जिला कलक्टर बुधवार को कलेक्ट्रेट के सभागार में राजस्व अधिकारियों की समीक्षा बैठक को संबोधित कर रही थी।

**परीक्षाओं में बरते सजगता और पारदर्शिता :** बैठक के दौरान जिला कलेक्टर ने राजस्थान लोक सेवा आयोग के तत्वावधान में आगामी 2 फरवरी को आयोजित होने वाली राजस्थान राज्य एवं अधीनस्थ सेवाएं संयुक्त प्रतियोगी प्रारंभिक परीक्षा एवं राजस्थान कर्मचारी चयन बोर्ड की फरवरी माह में आयोजित होने वाली विभिन्न परीक्षाओं की तैयारियों के संबंध में विस्तृत समीक्षा करते हुए कहा कि मुख्यमंत्री एवं राज्य सरकार प्रतियोगी परीक्षाओं को पारदर्शिता के साथ संपादित करने के लिए प्रतिबद्ध है, अधिकारीगण परीक्षाओं का आयोजन पूर्ण सजगता एवं सतर्कता के साथ किया जाना सुनिश्चित करें। उन्होंने कहा कि समस्त प्रतियोगी परीक्षाओं के लिए प्रश्न-पत्र संग्रहण और वितरण पर विशेष सतर्कता बरती जाए। साथ ही उन्होंने कहा की जिला प्रशासन एवं पुलिस परस्पर समन्वय कर बेहतर पर्यवेक्षण और निगरानी के साथ परीक्षा संपादित करें। उन्होंने कहा कि प्रश्न-पत्रों की गोपनीयता एवं सुरक्षा सर्वोच्च होनी चाहिए। उन्होंने परीक्षाओं में अनुचित साधनों का उपयोग ना हो इसके लिए प्रभावी प्रबंधन सुनिश्चित करने के लिए सम्बंधित अधिकारियों को निर्देशित किया।

**अभियानों व योजनाओं की क्रियान्विति हो सुनिश्चित :** जिला कलक्टर ने राइजिंग राजस्थान के तहत जिला स्तरीय इन्वेस्टमेंट समिट के अंतर्गत हुए एमओयू की विस्तृत समीक्षा करते हुए संबंधित विभागों को समयबद्ध क्रियान्वयन सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। बैठक में अवगत कराया गया कि आगामी 5 फरवरी से चरणबद्ध रूप से ग्राम पंचायत स्तर पर फार्मर रजिस्ट्री के लिए कैम्प लगाए जाएंगे। जिला कलक्टर ने जिले में एक उपज, एक प्रजाति, एक उत्पाद, एक पर्यटन स्थल एवं एक खेल पर आधारित पंच-गौरव कार्यक्रम के संबंध में गाइडलाइन के बारे में जानकारी दी। साथ ही, राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा योजना, पंचायती राज संस्थाओं के पुनर्गठन, नगरीय निकायों की सीमा वृद्धि, मंगला पशु बीमा योजना, विधायक स्थानीय क्षेत्र विकास योजना, सांसद स्थानीय क्षेत्र विकास योजना की गहन समीक्षा करते हुए आवश्यक दिशा निर्देश प्रदान किये। जिला कलक्टर ने कहा कि सभी उपखण्ड अधिकारी अपने दायित्वों का पालन करते हुए अपने क्षेत्र में संचालित समस्त गतिविधियों की समीक्षा करे। उन्होंने राजकीय कार्यालयों के लंबित भूमि आवंटन तथा बजट घोषणा वर्ष 2024-25 की घोषणाओं की क्रियान्विति की समीक्षा करते हुए गुणवत्ता के साथ समयबद्ध कार्य करने के निर्देश दिए । बैठक के दौरान उपखंड अधिकारी नीमराना महेंद्र सिंह, विराट नगर अमिता मान, कोटपूतली बृजेश कुमार, बानसूर अनुराग हरित, बहरोड़ राम किशोर मीणा एवं पावटा एसडीएम कपिल कुमार सहित संबंधित तहसीलदार उपस्थित रहे।

# श्री राम लला की प्राण प्रतिष्ठा की प्रथम वर्षगांठ पर हुआ अनूठा आयोजन









बढ़ता राजस्थान

**जयपुर ( का.स. )।** श्री राम लला की प्राण प्रतिष्ठा की प्रथम वर्षगांठ के शुभ अवसर पर अजमेर रोड स्थित श्री मंगलम फार्म पर विशाल समारोह आयोजित किया गया, जिसमें प्रभु भक्ति की ऐसी बयार बही कि उपस्थित सभी भक्तगण भाव विभोर होकर प्रभु श्री राम एवम् हनुमान जी महाराज के भजनों में अलमस्त होकर झूमने लगे। उपरोक्त समारोह में स्थानीय निवासियों को भी आमन्त्रित किया गया, जिससे समारोह में चार चांद लग गए।

समारोह के समापन के अवसर पर समिति के मुख्य संरक्षक आर के अग्रवाल, अध्यक्ष श्याम विजय एवम् वरिष्ठ उपाध्यक्ष ओम प्रकाश शर्मा द्वारा उपस्थित अतिथियों का आभार व्यक्त करते हुए धन्यवाद ज्ञापित किया गया। समारोह की सम्पूर्ण जानकारी समिति के उपाध्यक्ष एवम् संयोजक रामावतार माहेश्वरी द्वारा हमारे प्रतिनिधि को प्रदान की गई।

उपरोक्त समारोह समिति के सर्वश्री मोहनलाल जायसवाल, नवल किशोर पारीक, नरेन्द्र कुमार टांक, राजेन्द्र प्रसाद गुप्ता, जे एन मीना, सत्यनारायण गुप्ता, गजेन्द्र कुमार टांक, द्वारका प्रसाद अग्रवाल, अजीत भटनागर, श्रीमती संतोष कंवर शेखावत, आशा विजय, गायत्री माहेश्वरी, पुष्पा विजयवर्गीय, प्रेमलता राठौड़, सुनीता शेखावत एवं अन्य प्रमुख पदाधिकारियों एवम् सम्माननीय सदस्यों की उपस्थिति में सम्पन्न हुआ।

## फुलेरा भाजपा मंडल अध्यक्ष का स्वागत किया



बढ़ता राजस्थान

**फुलेरा ( नि.स. )।** मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा एवं प्रदेशाध्यक्ष मदन राठौड के निर्देशानुसार जिला चुनाव अधीकारी जसवीर छाबा,सह चुनाव अधिकारी शिवजी राम ,जिलाध्यक्ष की सहमति से फुलेरा नगर भाजपा मंडल अध्यक्ष पद पर प्रणव अग्रवाल को मनोनीत किया हैं। अग्रवाल के मनोनयन पर पूर्व विधायक निर्मल कुमावत, पूर्व अध्यक्ष भाजपा कैलाश नारायण साहू, आलोक तिवारी, पार्षद महावीर प्रसाद जैन, सुरेश मिश्रा, गजेन्द्र सिह शेखावत, पूर्व पालिकाध्यक्ष रतन राजोरा, नेता प्रतिपक्ष संजय पारीक, संजय वार्ष्णेय, पार्षद सरदार चौधरी,पूजा भाठी, श्रवण वर्मा, जितेन्द्र वर्मा, हेमलता सैनी, यतेन्द झांकता, अभिषेक वर्मा, त्रिलोकचंद भाटी, ताराचंद सैनी, विजय लक्ष्मी गौड,मदन गढवाल, आशा सैनी, अंजना जैन,राजेन्द्र वर्मा, गिरधारी सिह शेखावत, विजय पापटवान,राजेश अरोडा,गजेन्द्र कुमावत, महेन्द्र कुमावत, मुरारी सिवांल,मुकेश पारीक,कमल शर्मा,सुनिल गुर्जर, गोविन्द सिह बडगूजर,मनीष गगरानी, शिवचरण सैनी,महेश सोनी, निशान्त सारास्वत,त्रिलोक शर्मा, सुरेश सैनी, सुरेश सांखला,दिलीप सुरोलिया, अनिल शर्मा, महावीर बड़जात्या, हितेश सिह,मोहन सिंह तंवर, राजेश रांवका,सन्तोष धोल, मुकेश लखन, दौलत सिंह राठौर, सुमित्रा नाथावत, पूनम कुमावत, तारासोनी,संजीव गुप्ता,नेमी गुर्जर सहित अन्य लोगों ने अग्रवाल को बधाई दी।

## आयुर्वेद को बढ़ावा देने के लिए भभूति हर्बल की पहल : आयुर्वेदिक हेल्थ और वेलनेस क्षेत्र में कई महत्वपूर्ण कदम उठाए

बढ़ता राजस्थान



**जयपुर ( का.स. )।** भारत सरकार के आयुष मंत्रालय की ओर से आयुर्वेद को बढ़ावा देने के लिए पूरे देश भर में विभिन्न योजनाएं बनाई जा रही हैं और आयुर्वेद के स्वास्थ्य लाभों के बारे में जागरूकता फैलाई जा रही है। इसी कडी में भभूति हर्बल ने आयुर्वेदिक हेल्थ और वेलनेस क्षेत्र में कई महत्वपूर्ण कदम उठाए हैं। आयुर्वेदिक उपचारों और उत्पादों की बढ़ती मांग के बीच भभूति हर्बल अपने प्राकृतिक उत्पादों के माध्यम से लोगों को स्वस्थ जीवन जीने के लिए प्रेरित कर रहा है। भभूति हर्बल के संस्थापक एवं फाउंडर भवानी सेन वैध ने बताया किकंपनी ने हाल ही में विभिन्न आयुर्वेदिक हेल्थ और वेलनेस उत्पादों की श्रृंखला पेश की है, जो शारीरिक और मानसिक सेहत दोनों के लिए लाभकारी हैं।

# लाड़ेसर पोषण किट पाकर खिले चेहरे

बढ़ता राजस्थान

**फुलेरा ( नि.स. )।** कस्बे के निकटवर्ती ग्राम पंचायत सुरसिंहपुरा के आंगनबाड़ी केंद्र पर बुधवार को लाडेसर अभियान के तहत एक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसके अंतर्गत कुपोषित और अति कुपोषित बच्चों को लाडेसर पोषण किट वितरित किए गए। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए महिला पर्यवेक्षक पूजा तिवारी ने कहा कि कुपोषित व अति कुपोषित बच्चों को उपलब्ध कराए जाने वाला लाडेसर किट कई मायनों में खास है। इस किट में वसा, प्रोटीन, कार्बोहाइड्रेट, विटामिन्स से भरपूर कई पोषक तत्व शामिल हैं। किट में विशेष तौर पर बच्चों को लाडेसर खिचड़ी के लिए 250 ग्राम चना दाल, 250 ग्राम मोठ दाल, 250 ग्राम चना दाल, 250 ग्राम अरहर दाल, 250 ग्राम सोयाबीन तेल और 1 किलोग्राम चावल उपलब्ध कराया गया। वहीं लाडेसर नाश्ते के लिए चिन्हित बच्चों को 250 ग्राम गुड़, 250 ग्राम मूंगफली और 500 ग्राम भूना चना दिया गया। कार्यकर्ता संजू मीणा ने



बताया कि राजस्थान सरकार की ओर से कुपोषित एवं अतिकुपोषित बच्चों को लाडेसर किट उपलब्ध कराया जा रहा है। ताकि वे कुपोषण से लड़कर अपने स्वास्थ बचपन का सपना साकार कर सकें। इस मौके पर भामाशाह कृषि विश्वविद्यालय के निदेशक एस आर ढाका, स्थानीय सरपंच फुल कंवर के द्वारा लाड़ेसर किटों का वितरण किया गया। इस अवसर पर महिला पर्यवेक्षक पूजा तिवारी, महिला अधिकारिता पर्यवेक्षक उतरा मीणा, आंगनवाड़ी कार्यकर्ता संजू मीणा, विष्णु कांता, अर्चना मीणा, कमला सहित कई कार्यकर्ताएं, साथीन और लाभार्थी मौजूद रहें।

# संगीतमय सुंदरकांड में झूमे श्रोता, विशाल भंडारा

बढ़ता राजस्थान

**कोटपूतली( बिल्लूराम सैनी )।** श्री रामलला मूर्ति स्थापना की प्रथम वर्षगांठ पर शहर के सोनी मार्केट के पास श्री बिहारीजी मंदिर परिसर में बीती रात भव्य संगीतमय सुंदरकांड पाठ का आयोजन किया गया। लंगूर सेवा समिति, कोटपूतली की ओर से आयोजित सुंदरकांड में बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं की भीड़ उमड़ पड़ी। इस दौरान अखंड जोत जलाए जाने के साथ ही मंदिर की विशेष सजावट की गई। सुंदरकांड पाठ का वाचन श्रीराम सत्संग मंडल के संयोजक एवं स्वतंत्र पत्रकार आनंद पंडित की टीम द्वारा किया गया। पाठ के दौरान श्रद्धालु तल्लीन होकर चौपाईयों का वाचन करते रहे। सुंदरकांड के बाद रामनाम धुनि के साथ सत्संग किया गया। टीम में श्री श्याम परिवार के राजेश सवाईका, सुनील कुमावत, मुकेश सैनी, सोमेश सैनी, दीपक बंसल, मनोज सोनी, नरसी सैनी, सरपंच विक्रम रावत, पार्षद मनोज गौड व अनिल शरण बंसल, लीलाराम रावत, मुकेश शर्मा, कर्मवीर कसाना, हंसराज रावत, रामसिंह पायला, अमरसिंह कुमावत, दीपक जांगिड़ समेत अनेक लोग शामिल थे।

इससे पहले समिति के अखिल गर्ग उर्फ भीम, विकास सोनी, सुरेन्द्र सोनी, पंकज गर्ग, नवीन गर्ग, दीपांशु गर्ग, मोहित गर्ग, हिमांशु गोयल, सुमित गोयल, अभिषेक सोनी व विरेन्द्र रोहिड़ा ने आनंद पंडित समेत अन्य अतिथियों का स्वागत-सम्मान किया गया। बुधवार दोपहर को विधिवत् भोग लगाए


लंगूर सेवा समिति ने किया आयोजन



जाने के बाद विशाल भंडारे का आयोजन किया गया, जिसमें हजारों श्रद्धालुओं ने प्रसादी ग्रहण की।

## सांभरलेक थाना प्रभारी राजेंद्र यादव ने किया कार्यभार ग्रहण

बढ़ता राजस्थान



**फुलेरा ( नि.स. )।** समीपवर्ती सांभरलेक थाना प्रभारी राजेंद्र यादव ने बुधवार को कार्यभार ग्रहण किया। काबिले गौर है कि थाना प्रभारी राजेंद्र यादव पूर्व में भी यहां अपनी सेवाएं दे चुके हैं। इस दौरान थाना स्टाफ के द्वारा थाना प्रभारी राजेंद्र यादव का माल्यार्पण कर स्वागत किया। इस मौके पर थाना प्रभारी राजेंद्र यादव ने बताया कि मेरा प्रमुख उद्देश्य आमजन में पुलिस प्रशासन के प्रति विश्वास कायम रखने का रहेगा और असामाजिक तत्वों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जाएगी । यातायात व्यवस्था सुधारने का प्रयास पूरी तरीके से किया जाएगा। आमजन को साथ लेकर क्षेत्र में शांति और सौहाद्रपूर्ण वातावरण का निर्माण किया जाएगा।

## अवैध खनन, निर्गमन एवं ओवरलोड की रोकथाम के संबंध में बैठक आयोजित

132 प्रकरण एवं 14 प्रथम सूचना रिपोर्ट दर्ज कर 85 लाख के राजस्व की वसूली की गयी

बढ़ता राजस्थान

**कोटपूतली( बिल्लूराम सैनी )।** अवैध खनन, निर्गमन एवं ओवरलोड की रोकथाम के संबंध में जिला कलक्टर कल्पना अग्रवाल की अध्यक्षता में बुधवार को बैठक आयोजित हुईद्यजिला कलेक्टर ने विभाग द्वारा की जा रही कार्यवाहियों की समीक्षा करते हुए आवश्यक दिशा निर्देश प्रदान किए।जिला कलक्टर ने निर्देश दिये कि राजस्व विभाग, पुलिस विभाग, परिवहन विभाग, जल संसाधन विभाग, वन विभाग एवं खनिज विभाग उपखण्ड स्तर पर गठित कमेटी के साथ संयुक्त रूप से अवैध खनन, निर्गमन, भण्डारण एवं ओवरलोड वाहनों के विरूद्व कार्यवाही करें। उन्होंने सहायक अभियंता जल संसाधन विभाग को निर्देश दिये कि बनेडी बांध में अवैध बजरी खनन पर सख्त से सख्त कार्यवाही करें। सहायक अभियंता ने बताया कि बुचारा बांध व बनेडी बांध में अवैध खनन के विरूद्व नामजद प्रथम सूचना रिपोर्ट पुलिस थाना प्रागपुरा में दर्ज करवायी गयी है। वन विभाग के क्षेत्रिय वन अधिकारी को भी निर्देश दिये गये कि बुचारा वन क्षेत्र में अवैध खनन पर ज्यादा गस्त कि जाकर अवैध खनन पर प्रभावी अंकुश लगाया जावे।सहायक खनिअभियंता ने बताया कि इस वित्तिय वर्ष में अवैध, निर्गमन, भण्डारण के 21 जनवरी तक 132 प्रकरण एवं 14 प्रथम सूचना रिपोर्ट दर्ज करवायी जाकर 85 लाख के राजस्व की वसूली की गयी है।

बैठक में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक कोटपूतली, अतिरिक्त जिला कलक्टर, जिला परिवहन अधिकारी, क्षेत्रिय वन अधिकारी, सहायक अभियंता, जल संसाधन विभाग, उपखण्ड शाहपुरा एवं सहायक खनि अभियंता कोटपूतली उपस्थित रहे।

शिक्षा और कानून के प्रति किया जागरूक

# सूरसिंहपूरा में बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ अभियान के तहत जागरूकता रैली का आयोजन

बढ़ता राजस्थान

**फुलेरा ( नि.स. )।** कस्बे के निकटवर्ती ग्राम सूरसिंहपूरा में बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ योजनांतर्गत महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ योजना के 10 वर्ष पूर्ण होने पर जागरूकता रैली का आयोजन बुधवार को किया गया। रैली को स्थानीय ग्राम की सरपंच फूल कंवर ने हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। जो राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय से रवाना हुई और ग्राम के मुख्य मार्गो, बाजारों ओर ढाणियों से होती हुई पुन: विद्यालय परिसर में पहुंची। रैली का जगह जगह ग्राम वासियों ने पुष्प वर्षा कर अभिनंदन किया। रेली को संबोधित करते हुए महिला एवं बाल विकास विभाग की सुपरवाइजर पूजा तिवारी ने कहा कि बदलते हुए वैश्वीकरण के दौर में बेटियों को सशक्त होना जरूरी है। उन्होंने बेटियों और महिलाओं को कहा कि शिक्षा के साथ साथ हमे कानून का भी ज्ञान होना चाहिए। महिला अधिकारिता विभाग की पर्यवेक्षक उत्तरा मीणा ने कहा कि आज भी हम देखते है महिलाओं के साथ अपराध दिन प्रतिदिन बढ़ते जा रहे है। ऐसे अपराधों से खुद को बचाने के लिए हमें सतर्क रहना आवश्यक



है। मीणा ने बालिकाओं और महिलाओं को पॉक्सो एक्ट 2012, महिला संरक्षण अधिनियम 2005, दहेज निषेध अधिनियम 1961,महिलाओं का अभद्र चित्रण (निषेध) अधिनियम 1986, कार्यस्थल पर महिलाओं का यौन उत्पीड़न (रोकथाम, निषेध और निवारण) अधिनियम 2013 बाल विवाह निषेध अधिनियम 2006, मातृत्व लाभ अधिनियम 1961 सहित कई कानूनी अधिकारों के बारे में जानकारी प्रदान कर जागरूक किया।

# ऐयू इगनाइट और अंबुजा फाउंडेशन ने जैतारण में 1506 ग्रामीण युवाओं को प्रदान किया व्यावसायिक कौशल

बढ़ता राजस्थान

**जयपुर, ( का.स. )।** ग्रामीण युवाओं को आत्मनिर्भर बनाने के उद्देश्य से ऐयू इगनाइट ने अंबुजा फाउंडेशन के साथ मिल कर राजस्थान के जैतारण में क्षेत्र में 1506 ग्रामीण युवाओं को प्रशिक्षित किया है। ऐयू इगनाइट और अंबुजा फाउंडेशन ने मिलकर इस महत्वाकांक्षी कौशल विकास अभियान की शुरुआत की है। इस अभियान के तहत अब तक कुल 1506 युवक और युवतियों (789 पुरुष और 717 महिला) को प्रशिक्षित किया जा चुका है। इस प्रशिक्षण से युवाओं को न केवल रोजगार के नए अवसर मिल रहे हैं बल्कि वे आत्मनिर्भरता की दिशा में भी महत्वपूर्ण कदम उठा रहे हैं। ऐयू इगनाइट के सहयोग से जैतारण के स्थ्वष्ठ्ठ संस्थान में यह विशेष प्रशिक्षण अभियान संचालित किया जा रहा है। इस पहल का उद्देश्य युवाओं को व्यावसायिक दक्षता और व्यावहारिक ज्ञान से सुसज्जित करते हुए बेहतर करियर विकल्प प्रदान करना है। इस कार्यक्रम की खास बात यह है कि इसमें ब्यावर के साथ-साथ पाली, अजमेर, जोधपुर, जयपुर, बाड़मेर, अलवर, भीलवाड़ा, चित्तौड़गढ़, चूरू, देवास, झुंझुनू, करौली, मंदसौर, मैसूर, नागौर, राजसमंद, सीकर, साउथ वेस्ट दिल्ली, और टोंक के 245 ग्राम पंचायतों के युवाओं को भी जोड़ा गया है। कुल 297 गांवों से आए लगभग 982 युवा इस अभियान का हिस्सा बने हैं और विविध कौशल में दक्षता हासिल कर रोजगार के अवसरों की ओर कदम बढ़ा रहे हैं। इस अभियान का प्रमुख उद्देश्य युवाओं को ऐसे आवश्यक कौशलों से सशक्त बनाना है, जो उन्हें आत्मनिर्भरता की दिशा में ले जाएँ और रोजगार के बेहतर अवसर प्रदान करें। इस अभियान के अंतगर्त हुई प्रगति को देखने के लिए ऐयू इगनाइट के प्रेसीडेंट और AU Small Finance Bank के हेड CSR श्री सौरभ तंबी ने स्थ्वष्ठ्ठ जैतारण केंद्र का दौरा



किया और केंद्र की अवसंरचना, प्रबंधन और प्रशिक्षण की सराहना की। उन्होंने कहा, एक उत्कृष्ट सेटअप में मजबूत ज्ञान हस्तांतरण और सशक्तिकरण मौजूद है।

इसे अगले स्तर तक ले जाने के लिए, प्रशिक्षुओं के लिए रोजगार के अवसरों को बढ़ावा देना और उनके उद्योग अनुभव को बढ़ाने के लिए एक्सपोज़र विज़िट का आयोजन करना महत्वपूर्ण होगा।

# मनीष मीणा हत्याकांड में मंत्री किरोड़ी लाल मीणा से मिला प्रतिनिधि मंडल

## माली समाज ने जिला कलक्ट्रेट पर धरने को दिया समर्थन

बढ़ता राजस्थान

**बूंदी ( अनन्त दाधीच )** । शिक्षक मनीष मीणा हत्याकांड में न्याय की मांग को लेकर मीणा समाज के प्रतिनिधिमंडल ने मंगलवार को जयपुर में कृषि एवं आपदा राहत मंत्री डॉ किरोडी लाल मीणा से मिलकर पीड़ित परिवार को न्याय दिलवाने के लिए ज्ञापन दिया। कृषि एवं आपदा राहत मंत्री डॉ किरोड़ी लाल मीणा से बूंदी जिला मीणा समाज के संरक्षक आनंदीलाल मीणा के नेतृत्व में मिले प्रतिनिधि मंडल ने पीड़ित परिवार को राज्य सरकार की ओर से आर्थिक सहायता दिलवाने व उचित वैधानिक कार्यवाही की मांग रखी।

### मुख्यमंत्री से वार्ता करेंगे : डॉ मीणा

इस पर डॉ किरोड़ीलाल मीणा ने बूंदी जिला पुलिस अधीक्षक राजेंद्र प्रसाद मीना से दूरभाष पर बात कर हत्याकांड में उचित वैधानिक कार्यवाही के लिये कहा। पीड़ित परिवार को आर्थिक सहायता के संदर्भ में उन्होंने कहा कि वे इस विषय में मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा से वार्ता करेंगे और पीड़ित परिवार की हर संभव सहायता का प्रयास करेंगे।प्रतिनिधि मंडल में मीणा समाज के संरक्षक आनंदीलाल मीणा, शिक्षक मनीष मीणा के पिता रामलक्ष्मण मीणा,सेवानिवृत्त



तहसीलदार रामकरण मीणा,आदिवासी मीणा सेवासंघ कार्यकारी जिलाध्यक्ष हेमराज मीणा,सरपंच सुरेश मीणा, बजरंगलाल मीणा,पन्नालाल मीणा, गिर्राज मीणा,परशुराम मीणा, अध्यापक हरिराम मीणा, गिर्राज भीमगंज शामिल रहे।

### जिला कलेक्ट्रेट पर 15 वे दिन भी धरना जारी

मनीष मीणा हत्याकांड में न्याय की मांग को लेकर बूंदी जिला कलेक्ट्रेट पर धरना बुधवार को धरना 15 वे दिन भी जारी रहा



बुधवार को माली समाज की ओर से धरने का समर्थन किया गया।बुधवार को पूर्व एआईसीसी सदस्य समृद्ध शर्मा,पूर्व जिला परिषद सदस्य दलबीर यादव, माली समाज की ओर से पूर्व सरपंच किशनलाल सैनी, महासभा के उपाध्यक्ष धन्नालाल सैनी, तहसील अध्यक्ष महादेव सैनी,मीडिया प्रभारी भीमराज सैनी,नंदकिशोर सैनी, शिवराज सैनी,विजय सैनी, लेखराज सैनी,पप्पू लाल सैनी, राजस्थान बीज निगम के पूर्व निदेशक चर्मेश शर्मा,छोटूलाल मीणा,भंवरलाल, एडवोकेट हेमराज मीणा,युवा अध्यक्ष मुकेश मीणा ,एडवोकेट देवराज मीणा,राजेंद्र जोशी ऐबरा,सरपंच सुरेश मीणा,अरविंद दुबे,पन्नालाल मीणा ,लोकेश मीणा ,धनलाल मीणा ,सुखपाल किशनलाल,घासीलाल ,रामेश्वर सुरेश मीणा ,रामकरण मीणा, चेतराम मीणा, पप्पू लाल मीणा राजू मीणा धन्नालाल, बजरंगलाल आदि सम्मिलित हुये। पूर्व एआईसीसी सदस्य समृद्ध शर्मा ने कहा कि राज्य सरकार को पीड़ित परिवार को शीघ्र न्याय दिलवाना चाहिये। पूर्व जिला परिषद सदस्य दलबीर यादव ने कहा कि मनीष मीणा के पीड़ित परिवार की मदद के लिए सभी समाजों के लोगों को आगे आना चाहिये।

### शिक्षक दूल्हा बना समाज के लिए मिसाल

# समाज में फैली सामाजिक कुरीतियां छोड़ने का पेश किया उदाहरण



बढ़ता राजस्थान

**चित्तौड़गढ़ ( प्रियंका दाधीच )।** जिले के गंगरार तहसील के धाकङ खेडी गावं के विवाह समारोह में वर पक्ष ने टीके (शगुन) की पांच लाख रुपये की रकम लौटाकर न सिर्फ वधू पक्ष का दिल जीत लिया है और बल्कि समाज को सामाजिक कुरीतियों को छोड़ने के लिए एक मिशाल भी पेश कर दी। और जिले के पुनावता गांव निवासी दूल्हे महेन्द्र सिंह चुण्डावत व उनके पिता लालसिंह चुण्डावत मंगलवार को अपने रिश्तेदारों के साथ बारात लेकर जिले के ही धाकडखेडी गांव गये।

जहां वधू पक्ष की ओर से सामेला में टीके के तौर पर दूल्हे को दिये गये पांच लाख रुपये वर पक्ष ने ससम्मान लौटा दिए तथा शगुन के रुप में नारियल व एक रुपया रखकर मेवाङ क्षेत्र में नयी मिसाल कायम की है। दूल्हा शिक्षा विभाग में गंगरार के एक विद्यालय में अध्यापक पद पर हैं। और शिक्षक हमेशा समाज को नवीन दिशा देता आया है। और इसी क्रम में समाज के लिये बड़ी मिसाल कायम की है।

शिक्षक महेन्द्र सिंह ने कहा कि यदि यह पांच लाख रुपए में रख लूंगा तो कल विद्यालय में उन बच्चो से नजरे नहीं मिला पाऊंगा जिन्हे रोज कुरीतियां छोडने का पाठ पढाता हूं। यह षादी गंगरार, पुनावता, धाकडखेडी व आसपास के क्षेत्र में खास चर्चा का विशय है।

## एलारसा ने मनाया ब्लेड-डे



बढ़ता राजस्थान

**चित्तौड़गढ़ ( प्रियंका दाधीच )।** ऑल इण्डिया लोको रनिंग स्टॉफ एसोसिएशन के अखिल भारतीय आह्वान पर भारतीय रेलवे के सभी 17 जोन में 22 जनवरी बुधवार को ब्लेड-डे के रूप में मनाया गया। केन्द्रीय कर्मचारियों की महंगाई भत्ते की दर 50 प्रति बढ़ जाने पर टीए के अनुपात में 25 प्रतिशत किलोमीटर भत्ते की दर बढ़ाने हेतु ध्यानाकर्षण को लेकर ब्लेड-डे डेमोस्ट्रेन रखा गया जिसमें पश्चिम रेलवे रतलाम मंडल की चित्तौड़गढ़ ब्रांच पर एलारसा के झण्डे तले प्रात: 10 बजे से क्रू लॉबी प्रांगण में रनिंग स्टॉफ ने गगनभेदी नारो के साथ ब्लेड डे की शुरूआत की। डेमोस्ट्रेन के दौरान रनिंग स्टॉफ द्वारा किलोमीटर भत्ते की दर टीए के सापेक्ष रिवाइज करने सहित एलारसा संगठन की लम्बे समय से चली आ रही मूलभूत समस्याओं का निराकरण नहीं होने पर रोष प्रकट किया गया। इस दौरान एलारसा जोनल महासचिव कॉमरेड चौधरी लूणाराम सियाग, कामरेड बसराम मीणा, कामरेड विनोद गंगवाल, एलारसा चित्तौड़गढ़ शाखा सचिव कामरेड संजय मीणा ने सम्बोधित किया।

## पंचायत राज संस्थाओं के पुनर्गठन एवं परिसीमन का कार्य प्रारंभ

बढ़ता राजस्थान

**चित्तौड़गढ़ ( प्रियंका दाधीच )।** पंचायत राज विभाग राजस्थान जयपुर द्वारा 10 जनवरी से पंचायती राज संस्थाओं के पुनर्गठन एवं परिसीमन का कार्य प्रारंभ कर दिया गया है। पुनर्गठन कार्य हेतु अतिरिक्त जिला कलक्टर (प्रशासन) प्रभा गौतम ने जिले के समस्त उपखंड अधिकारी, तहसीलदार को निर्देशित किया कि आपके अधीन पंचायत समिति क्षेत्र एवं ग्राम पंचायतों के पुनर्गठन, पुनर्सीमांकन नवसर्जन के प्रस्ताव विभाग की दिशा निर्देशों की पालना करने हेतु तैयार करने कर 5 फरवरी तक जिला कार्यालय को भिजवाया जाना सुनिश्चित करें। उन्होंने कहा कि ग्राम पंचायतों एवं पंचायत समितियों के पुनर्गठन, पुनर्सीमांकन, नवसृजन के लिए निर्धारित मानडंडो तथा जारी दिशा निर्देशों की पालना की जाए। ग्राम पंचायत एवं पंचायत समिति/ जिला परिषद व ग्राम पंचायत के वार्डो का परिसीमांकन एवं पुनर्गठन कार्य किया जाना है। उक्त कार्य हेतु राज्य सरकार द्वारा समयबद्ध कार्यक्रम जारी किया गया है। उन्होंने बताया कि कार्यक्रम के अनुसार जिला कलक्टर द्वारा नई ग्राम पंचायत एवं पंचायत समितियां का प्रस्ताव तैयार करना, जिसकी अवधि 30 दिवस है जो 20 जनवरी से 18 फ़रवरी तक रहेगी। राजस्थान पंचायती राज अधिनियम 1994 की धारा 101 के तहत तैयार प्रस्ताव को प्रकाशित कर आपत्ति आमंत्रित करना जिसकी अवधि 30 दिवस है जो 20 फ़रवरी से 21 मार्च तक रहेगी। ड्राफ्ट प्रस्ताव के संबंध में प्राप्त आपत्तियों का निस्तारण के लिए अवधि 10 दिवस है जो 23 मार्च से एक अप्रेल 2025 तक रहेगी। आपत्ती निस्तारण पश्चात प्रस्ताव तैयार कर पंचायत राज विभाग को भिजवाना जिसका समय 12 दिवस 3 अप्रेल से 15 अप्रेल तक रहेगा। ग्रामीण क्षेत्र के आम नागरिक जो की ग्राम पंचायत, पंचायत समिति, जिला परिषद के वार्डों के गठन के संबंध में कोई आपत्ति रखते हो तो इस कार्यालय द्वारा तैयार किए गए प्रस्ताव जिनका आपत्तियां आमंत्रित किए जाने हेतु 20 फरवरी से 21 मार्च के मध्य अपनी आपत्ति कार्यालय तथा संबंधित उपखंड अधिकारी विकास अधिकारी के समक्ष प्रस्तुत कर सकेंगे। और अवधि समाप्त होने के पश्चात किसी प्रकार की आपत्ति स्वीकार्य नहीं होंगी।

## कमलेश उपाध्याय बने विप्र फाउंडेशन बेगू तहसील अध्यक्ष

बढ़ता राजस्थान

**चित्तौड़गढ़ ( प्रियंका दाधीच )।** विप्र फाउंडेशन जिला चित्तौड़गढ़ द्वारा बेगू तहसील अध्यक्ष की घोषणा की गई है। राष्ट्रीय सचिव प्रमोद पालीवाल प्रदेश अध्यक्ष नरेंद्र पालीवाल की सहमति से जिला अध्यक्ष शिरीष त्रिपाठी ने कमलेश कुमार उपाध्याय पिता भेरूलाल उपाध्याय निवासी राजबाग सूलीमगरा को बेगूं तहसील अध्यक्ष पद पर मनोनीत करते हुए बताया कि कमलेश उपाध्याय वर्तमान में प्रधानाध्यापक राजकीय उच्च प्राथमिक विद्यालय चैनसिंहजी का राजपुरा से सेवानिवृत हुए हैं। वर्तमान में इनका दायित्व राजस्थान शिक्षक संघ राष्ट्रीय उप शाखा बेगूं अध्यक्ष है एवं जिले में वर्षो तक विप्र संगठन एवं शैक्षिक संघ में जिला कार्यकारिणी में दायित्व का निर्वहन कर चुके है। कमलेश उपाध्याय द्वारा बेगू नगर मंडल व चेंची मंडल व कमांड मंडल, नंदवई मंडल मुख्य कार्यकारिणी के अध्यक्ष, महामंत्री, महिला एवं युवा मोर्चा के अध्यक्ष, महामंत्री व उनकी कार्यकारिणी के साथ ही सभी सोलह प्रकोष्ठ के संयोजक व सहसंयोजक व उनकी कार्यकारिणी सात दिवस में घोषित कर देंगे।

# केकड़ी में मतदाता जागरूकता अभियान शुरु, रचनात्मक गतिविधियों के साथ नवाचारों पर चर्चा

बढ़ता राजस्थान

**केकड़ी ( संजय कटारिया )।** केकड़ी विधानसभा क्षेत्र में मतदाता जागरूकता को बढ़ावा देने के लिए विशेष कार्यक्रमों की शुरुआत की गई है। यह अभियान जिला निर्वाचन अधिकारी और जिला कलेक्टर अजमेर के निर्देशन में शुरू किया गया है, जो 25 जनवरी को आने वाले राष्ट्रीय मतदाता दिवस तक चलेगा। अभियान की शुरुआत केकड़ी के आईटीआई कॉलेज से की गई, जहां नव मतदाताओं ने बढ़-चढ़कर कार्यक्रम में हिस्सा लिया। इस दौरान मतदान की शपथ दिलाई गई और निबंध लेखन व स्लोगन लेखन जैसी रचनात्मक गतिविधियों का आयोजन किया गया। स्वीप टीम के जयकांत शर्मा ने मतदाता दिवस के महत्व पर प्रकाश डालते हुए चुनाव आयोग के नवाचारों जैसे वीएचए सक्षम ऐप और मतदान की प्रक्रिया के महत्व को समझाया। इसी प्रकार लॉर्ड तिरुपति कॉलेज में स्लोगन लेखन प्रतियोगिता और जागरूकता रैली का आयोजन किया गया, जिसमें छात्रों ने



विभिन्न नारों और पोस्टरों के माध्यम से मतदान के संदेश प्रस्तुत किये। इसके अलावा क्षेत्र के सभी सरकारी और गैर सरकारी विद्यालयों में मतदाता साक्षरता क्लब द्वारा विशेष कार्यक्रम आयोजित किए गए। इन कार्यक्रमों में छात्रों को चुनावी वीडियो दिखाए गए। साथ ही स्लोगन और निबंध लेखन प्रतियोगिताएं कराई गईं। कार्यक्रम में पुरुषोत्तम (इलेक्ट्रीशियन), हरीश (वेल्डर), कन्हैयालाल (वायरमैन), मन्नालाल (फिटर) और पप्पूलाल (ग्रुप इंस्ट्रक्टर) सहित विभिन्न अतिथि अनुदेशकों सहित सहायक प्रोग्रामर अनिल कुमार जैन, बाबूलाल कोली, रामेश्वर प्रसाद जाट और रमेश माली ने सक्रिय भूमिका निभाई।

## पालिका अध्यक्ष ने अंता नगर पालिका क्षेत्र में पशुधन चिकित्सालय का किया निरीक्षण, अधिकारियों को दिए दिशा निर्देश



बढ़ता राजस्थान

**अंता ( शफीक मंसूरी )।** नगर पालिका अध्यक्ष ने अंता नगर पालिका क्षेत्र में पशुधन चिकित्सालय का किया निरीक्षण अधिकारियों को दिए दिशा निर्देश बुधवार पशुधन चिकित्सालय अंता बमोरी में नगर पालिका चेयरमेन रामेश्वर खण्डेलवाल द्वारा किया गया औचक निरीक्षण । जिसमे गो भक्त मण्डल अंता द्वारा चिकित्सालय में हो रही अव्यवस्था को लेकर अवगत करवाया साथ ही पशुओं के इलाज के किये टिन सेड की मांग की जिसे चेयरमैन रामेश्वर द्वारा 1 लाख राशि स्वीकृति प्रदान की जिसका गो भक्त मंडल अंता द्वारा अभिवादन किया गया । साथ ही चिकित्सा विभाग की टीम व गोभक्त मण्डल के सदस्य मौजूद रहे।

## मादक पदार्थ की तस्करी में एक साल से फरार आरोपी एमपी से गिरफ्तार

बढ़ता राजस्थान

**चित्तौड़गढ़ ( प्रियंका दाधीच )।** कोतवाली निम्बाहेडा पुलिस थाना की विशेष टीम ने थाना कोतवाली चित्तौड़गढ़ के एक साल पहले के अफीम जब्ती के मामले मे फरार आरोपी को मध्यप्रदेश के नीमच से गिरफ्तार किया है। नशाखोरी पर प्रभावी नियंत्रण एवं उन्मुलन के लिये अवैध मादक पदार्थो की धरपकड एवं मादक पदार्थो के प्रकरणो मे वांछित अपराधियो, स्थाई वारण्टियो, उदघोषित एवं ईनामी अपराधियो की धरपकड़ हेतु एक विशेष अभियान जिले में चलाया जा रहा है।जिसमें समस्त थानाधिकारियों व विशेष टीम को अधिक से अधिक संख्या मे अपराधियो की धरपकड के निर्देश दिए गए। इसी क्रम में थानाधिकारी कोतवाली निम्बाहेडा रामसुमेर (पुनि) के नेतृत्व में एएसआई सूरज कुमार, साइबर सेल के हैड कानि. राजकुमार, कानि. देवेंद्र, विरेन्द्र, विजय व राकेश द्वारा आसूचना संकलन कर थाना कोतवाली चित्तौड़गढ़ के एनडीपीएस के मामले मे वांछित आरोपी मध्यप्रदेश के नीमच सीटी थाने के थड़ोद निवासी कन्हैयालाल उर्फ केशव उर्फ कान्हा पिता मोहनलाल मालवी को नीमच से डिटेन कर थाना पर लाये। आरोपी से अनुसंधान जारी है। आरोपी की गिरफ्तारी में साइबर सेल के हैड कानि. राजकुमार विशेष योगदान रहा।

# बार एवं बैंच के सौहार्दपूर्ण रिश्तों की मिसाल है केकड़ी

## बार एसोसिएशन केकड़ी ने किया सीजेएम प्रकाश मीणा का अभिनंदन

बढ़ता राजस्थान

**केकड़ी ( संजय कटारिया )।** बार एसोसिएशन केकड़ी द्वारा नव पदस्थापित मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट प्रकाश मीणा के सम्मान में अभिनन्दन समारोह का आयोजन किया। इस अवसर पर एडीजे 2 प्रवीण कुमार वर्मा, एडीजे 1 जयमाला पानीगर, एसीजेएम 2 हिरल मीणा व न्यायिक मजिस्ट्रेट शुभम गुप्ता मौजूद रहे। समारोह में बार अध्यक्ष डॉ मनोज आहूजा, उपाध्यक्ष शिव प्रसाद पाराशर, सचिव मुकेश शर्मा, कोषाध्यक्ष धर्मेंद्र सिंह राठौड़, रामेश्वर कुमावत, इमदाद अली, सचिन राव, आदिल कुरैशी, वरिष्ठ अधिवक्ता मगन लाल लोधा, हेमंत जैन, भूपेंद्र सिंह राठौड़,



लोकेश शर्मा, राम अवतार मीणा सहित अधिवक्ताओं ने सभी न्यायाधीशों का माल्यार्पण व साफा बांधकर अभिनन्दन किया। इस अवसर पर मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट प्रकाश मीणा ने कहा कि बार और बैंच एक ही सिक्के के दो पहलू है, जिनके सांमजस्य से न्यायिक कार्य सुगमता से निपटाए जा सकते हैं। यह तालमेल त्वरित न्याय के लिए अत्यंत जरूरी भी है। उन्होनें इस संबंध में केकड़ी बार एसोसिएशन की सराहना करते हुए कहा कि वे यहां के बारे में काफी प्रशंसा सुनते रहे हैं और अब यहां आकर उन्होनें यह महसूस भी कर लिया है। समारोह में बार अध्यक्ष डॉ मनोज आहूजा ने कहा कि न्यायाधीश प्रकाश मीणा का अभिनंदन करते हुए अधिवक्ताओं में हर्ष है। उनके सदैव बार के साथ सकारात्मक व मधुर सम्बन्ध रहे हैं। इस मौके पर बार के पूर्व अध्यक्ष राम अवतार मीणा ने कहा कि केकड़ी कोर्ट बार एवं बैंच के सौहार्दपूर्ण रिश्तों की मिसाल रहा है। वरिष्ठ अधिवक्ता सलीम गौरी ने शैरो-शायरी के माध्यम से न्यायाधीश मीणा का स्वागत किया। समारोह में वरिष्ठ अधिवक्ता मगन लाल लोधा, हेमंत जैन, भूपेंद्र सिंह राठौड़, सांवरलाल चौधरी, लेसी झवर, भारती पोपटानी, सानिया सेन, विशाल राजपुरोहित, दशरथ सिंह कांदलोत, राकेश गुर्जर, बुद्धिप्रकाश चौधरी, इमरान अली, रवि शर्मा, भावेश जैन आदि मौजूद थे।

# दहेज प्रथा के विरुद्ध सकारात्मक कदम उठाकर दहेज में दिए 5 लाख 11 हजार को वापस दुल्हन के पिता को लौटाए

बढ़ता राजस्थान

**बूंदी ( अनन्त दाधीच )।** बूंदी के राजपूत समाज में दहेज प्रथा के विरुद्ध एक सकारात्मक कदम उठाया गया है।

बूंदी के शिवराज सिंह हाड़ा के पुत्र नरेंद्र सिंह के विवाह में तिलक में दिए गए 5 लाख 11 हजार रुपये वापस दुल्हन कुशम कंवर के पिता प्रभु सिंह शक्तावत को सौंप दिए गए। यह एक अच्छी मिसाल है और इससे समाज में दहेज प्रथा के विरुद्ध जागरूकता फैलाने में मदद मिल सकती है। बूंदी निवासी शिवराज सिंह हाड़ा के पुत्र नरेन्द्र सिंह विवाह करने बारात लेकर भीलवाड़ा जिले में गए गेणोली में गए थे जहां दूल्हा नरेंद्र सिंह का तिलक कार्यक्रम का आयोजन किया गया , कार्यक्रम में तिलक के 5 लाख 11 हजार रुपए दुहले नरेन्द्र सिंह के पित शिवराज सिंह द्वारा दुल्हन के पिता प्रभु सिंह को वापस लौटा दिए । जो कि यह पहल एक सकारात्मक बदलाव की ओर इशारा करती है और समाज में दहेज



प्रथा के विरुद्ध लड़ने के लिए प्रेरित करती भी करती है।

## शैक्षिक नवाचारों पर जानकारी के साथ नशीले पदार्थों से होने वाले नुकसान की जानकारी दी

बढ़ता राजस्थान

**बूंदी ( अनन्त दाधीच )।** बूंदी के राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय उलेडा में एसएमसी व एसडीएमसी प्रशिक्षण सत्र का कार्यवाहक प्रधानाचार्य रमेश चंद्र चौपदार ने मां शारदा के दीप प्रज्वलन माल्यार्पण कर शुभारंभ किया। दक्ष प्रशिक्षक नीलम माथुर व पार्थ जोशी ने स्कूल विकास योजना एसडीपी, एसएमसी व एसडीएमसी का स्कूल विकास में योगदान, जेंडर, बाल संरक्षण, राष्ट्रीय शिक्षा नीति समग्र शिक्षा के अन्तर्गत संचालित विभिन्न कार्यक्रम, सामुदायिक जागरूकता,स्कूल विकास योजना निर्माण में ध्यान देने योग्य बिंदुओं पर प्रशिक्षण दिया। प्रार्थना-सत्र के दौरान कार्यवाहक प्रधानाचार्य रमेश चन्द चौपदार के निर्देश पर तंबाकू मुक्त स्कूल कैसे हो, नशामुक्त जीवन जिने को चरितार्थ करते हुए तंबाकू युक्त लाल मंजन, जर्दा, गुटखा, बीड़ी, सिगरेट नशीले पदार्थों के सेवन से होने वाले नुकसानों के बारे में जानकारी दी। इनसे दूर रहने के सरल उपाय बताते हुए नशामुक्त जीवन के लिए प्रेरित किया। इस अवसर पर भंवरलाल मोटसर, चांदसिंह, दयाराम गुर्जर, रामचंद्र प्रजापत, प्रेमशंकर सुमन, गायत्रीबाई, आदि उपस्थित रहे।

# जलदाय विभाग ने कराया इंद्रप्रस्थ गैस लिमिटेड के ठेकेदारों पर मुकदमा

## पेयजल पाइपलाइनों को नुकसान पहुंचाने का है मामला

बढ़ता राजस्थान

**केकड़ी ( संजय कटारिया )।** गैस की पाइपलाइन डालने के दौरान केकड़ी शहर में बिछी जलदाय विभाग की पेयजल पाइपलाइनों को नुकसान पहुंचाने को लेकर जनस्वास्थ्य एवं अभियांत्रिकी विभाग (पीएचईडी) ने मैसर्स इंद्रप्रस्थ गैस लिमिटेड कंपनी के ठेकेदारों के खिलाफ केकड़ी शहर पुलिस थाने में मामला दर्ज कराया है। विभाग ने आरोप लगाया है कि गैस पाइपलाइन डालने के दौरान कंपनी ने सरकारी पेयजल पाइप लाइनों को नुकसान पहुंचाया है।

विभाग के केकड़ी खंड अधिशासी अभियंता विक्रम गुर्जर ने बताया कि गैस पाइपलाइन बिछाने के संबंध में इस कंपनी ने न तो कोई पूर्वानुमति ली और न ही डिमांड नोट जमा कराया। और इस विषय में विभाग ने कई बार पत्र लिखकर उक्त फर्म को जानकारी दी, लेकिन इसके बावजूद कंपनी ने इस मामले को गंभीरता से नहीं लिया।

# ब्यावर के जिला बनने के बाद नगर परिषद सीमा में 29 गांवो को शामिल करने पर ग्रामीण विफरे, ग्रामीणों ने शहरी क्षेत्र में नहीं लेने की मांग की

## जिला कलेक्टर को 29 गांव के सैकड़ों लोगों ने सौंपा ज्ञापन, ग्रामीणों से ज्यादा नेता परेशान

बढ़ता राजस्थान

**ब्यावर ( विष्णु दत्त धीमान )।** ब्यावर जिला बनने के साथ ही ब्यावर नगर परिषद में आस-पास के क्षैत्रों को समायोजित करने की अधिसूचना जारी करने साथ ही 29 गांवों को ब्यावर नगर परिषद में शामिल करने की कार्यवाही को अंजाम दिया गया। जब इस सूचना का प्रचार-प्रसार हुआ तो आस-पास के क्षैत्रों के सरपंच व अन्य जनप्रतिनिधियों ने बुधवार को गांव बचाओ संघर्ष समिति का गठन कर उसके तत्वावधान में जिला कलेक्टर महेन्द्र खडगावत को राज्य के मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा के नाम ज्ञापन सौंपकर गांवों को गांव में ही रहने देने की मांग की है। उन्होने शहरी क्षैत्र में शामिल होने से इंकार किया है। इस अवसर पर संघर्ष समिति के अध्यक्ष व भारतीय जनता पार्टी किसान मोर्चा के जिलाध्यक्ष भंवरलाल बूला ने बताया कि ग्रामीणों को कई तरह के टैक्स देने पडेगें और ग्रामीण क्षैत्र में काश्तकारों को मिलने वाली कई योजनाओं का लाभ भी उन्हें नहीं मिल पायेगा। श्री बूला ने जिला कलेक्टर को अवगत कराते हुए कहा कि नगर परिषद ने शहर के नालों को बेच दिया उस पर बड़ी-बड़ी बिल्डिंगे बन गयी है। इसके अतिरिक्त नगर परिषद द्वारा दिन में जलने वाली लाईटों का बिल भी हमें ग्रामीणों को भुगतना पड़ेगा। उन्होंने इस तरह से कई समस्याओं के बारे में जानकारी दी। वहीं दूसरी और 29 ग्रामीण क्षैत्रों के नेता इस बात से भी नाराज है कि उन्हें यह पता नहीं था कि पैरा-फेरी वाले गांवों को नगर परिषद सीमा में शामिल किया जायेगा या नहीं। जिन-जिन ग्राम पंचायतों को शहरी सीमा में लिया गया है उन ग्रामीण क्षैत्रों के स्थानीय नेता जो सरपंच बनने के लिए ललायित है वह भी इसका विरोध कर रहे हैं चूंकि कई छुटभैया नेता पिछले कई समय से ग्रामीण क्षैत्रों के लोगों को कभी चार-धाम की यात्रा तो कभी दाल-बाटी चूरमा तो कभी क्या कभी क्या करके ग्रामीणों को लुभाने में लगे हैं। सरपंच की चाहत में अब तक कई छुटभैया नेताओं ने लाखों रुपये फूंक दिये हैं इसको लेकर भी वह छुटभैया नेता बेहद परेशान है, और ग्रामीणों को बजाए विकास की बातें करने के उन्हें गुमराह कर एकत्रित कर जिला कलेक्टर के यहां शक्ति प्रदर्शन कर प्रशासन को जताने का प्रयास किया है। जिला कलेक्टर को सौंपे गये ज्ञापन में बताया कि नगर परिषद ब्यावर के विस्तार संबंधी अधिसूचना को निरस्त कर संशोधित करने का प्रयास किया जाये। उन्होंने 10 सूत्रीय समस्याओं से अवगत कराते हुए कहा कि ग्रामीणों व किसानों की समस्याओं को दूर किया जाये। ज्ञापन में लिखी समस्या प्रथम में 29 ग्रामों के ग्राम पंचायत से नगर परिषद ब्यावर सीमा में लेने बाबत् विधिवत आपत्तियां आमंत्रित नहीं की गई एवमं ना ही ग्राम पंचायत / ग्राम वाशिंदो से आपत्तियां आमंत्रित किये बिना सीथे ही अधिसूचना जारी की गई जो गलत एवं न्यायसंगत नहीं है। इसी तरह दूसरी 29 ग्रामों जो कि पूर्व से ही पैरा-फेरी नियमों के तहत की जन उपयोगी योजनाओं से वंचित रहकर कष्ट सहन करते आ रहे हैं। इसी तरह तीसरे नम्बर पर 29 ग्रामों की हजारों बीघा काश्तकारी भूमियों को भी नगर परिषद ब्यावर सीमांतर्गत ले लेने से ग्रामों के गरीब किसानों को असहनीय क्षति होगी। चौथे नंबर 29 ग्रामों को नगर परिषद सीमांतर्गत अधिसूचित करने से पूर्व ही खातेदारी भूमियों के सिवायचक दर्ज करने के प्रकरण सक्षम न्यायालय /राज्य सरकार स्तर पर विचाराधीन है।उसके लाभ से भी किसान वंचित हो जायेगें। 674 प्रकरण भू-संशोधन से खातेदारी दर्ज करने के वर्तमान में राज्य सरकार राजस्व ग्रुप में विचाराधीन है।

संघर्ष समिति ने बताया कि वर्तमान में पैरा-फेरी क्षेत्र में नगर परिषद ब्यावर द्वारा कोई भी विकास कार्य नहीं करवाया गया है फिर इससे अधिक क्षैत्रीय विस्तारीकरण कर लगभग 8-9 किलोमीटर तक का पूर्ण रुपेण नगर परिषद ब्यावर सीमा में ले लेने से गरीब किसान राज्य सरकार की मूलभूत सुविधाओं से वंचित होना पडेगा।






# दूनी में वार्षिक उत्सव समारोह के साथ मॉडल बाल पुस्तकालय का हुआ उद्घाटन

## सांस्कृतिक कार्यक्रमों के साथ हुआ पुरस्कार वितरण कार्यक्रम

बढ़ता राजस्थान

**देवली ( गोविंद सिंह सेठी )।** यहां उपखंड क्षेत्र के दूनी तहसील मुख्यालय स्थित पीएम श्री राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय में बुधवार को वार्षिक उत्सव एवं पुरस्कार वितरण समारोह आयोजित किया गया। पंचायत प्रारंभिक शिक्षा अधिकारी एवं प्रधानाचार्य भंवर लाल कुम्हार ने बताया कि कार्यक्रम में मुख्य अतिथि सेवानिवृत्ति संयुक्त निदेशक परसचंद जैन एवं शिव शिक्षा समिति सरोली के निदेशक शिवजी लाल चौधरी ने मां सरस्वती के चित्र के समक्ष दीप प्रज्जवलन कर शुरू किया। सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रभारी उप प्रधानाचार्य अनुराधा कलवार ने बताया कि छात्र-छात्राओं ने रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत कर तालियां बटोरी। समारोह में अतिथियों द्वारा प्रतिभावान छात्र छात्राओं एवं शिक्षा दान महादान के भामाशाहों का इस अवसर पर प्रशस्ति पत्र एवं स्मृति चिन्ह प्रदान कर सम्मानित किया गया। विद्यालय में हाल ही में दो लाख रुपए की लागत से टाटा फाउंडेशन जयपुर द्वारा स्थापित बाल मॉडल पुस्तकालय का उद्घाटन अतिथियों द्वारा रिबन काट कर किया गया। इस अवसर पर पेंशन समाज के अध्यक्ष प्रेमचंद राजोरा शिक्षाविद्, दशरथ भी लाल पारीक, महात्मा गांधी विद्यालय की प्रधानाचार्या कैलाश वर्मा,अतुल पाराशर, सेवानिवृत्ति प्राध्यापक कन्हैयालाल मीणा, गणपत सिंह चौहान, रामप्रसाद शर्मा, शांति देवी सेन, शंभू लाल सेन सहित गणमान्य नागरिक विद्यालय स्टाफ अभिभावक छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे।



# भाजपा के नेता ही भाजपा सरकार के विरोध में उतरे सरपंचाई की चाहत में जिले का विकास हो या ना हो....

बढ़ता राजस्थान

**ब्यावर ( विष्णु दत्त धीमान )।** ब्यावर को जिला बनाने की मांग पिछले कई वर्षों से चली आ रही थी। जिले की मांग को लेकर भाजपा व कांग्रेस के दोनों नेताओं ने धरना-प्रदर्शन किये। ब्यावर के विधायक शंकरसिंह रावत ने तो ब्यावर से जयपुर पैदल यात्रा की और जब-जब मौका मिला तो विधानसभा के पटल पर जिले की मांग रखी। जब ब्यावर जिला बन गया तो सर्वाधिक भाजपा नेताओं को ही सबसे ज्यादा परेशानी हो रही है। जब जिला बना है तो ब्यावर की सीमायें भी बढनी तय है ऐसे में जिला कलेक्टर महेन्द्र खडगावत ने शहर के विकास को मध्यनजर रखते हुए नगर परिषद सीमा को बढाते हुए वार्डों की संख्या बढाने के लिए एक अधिसूचना जारी करवाकर आस-पास के करीब 29 गांवों को शामिल किया। भारतीय जनता पार्टी किसान मोर्चा के जिलाध्यक्ष भंवरलाल बूला के नेतृत्व में आस-पास के सरपंचों व जनप्रतिनिधियों ने एक समिति का गठन किया है। सरपंचों व जनप्रतिनिधियों में से कई लोगों ने जिन्हें सरपंचाई की चाहत है उन्होने अपने-अपने गांवों में कई तरह के कार्यक्रम आयोजित कर ग्रामीणों को लुभाने में लगे हुए हैं। ऐसे में वहीं जनप्रतिनिधि व सरपंच गांवों के शहरी क्षैत्र में विलय होने पर अपना विरोध कर रहे हैं। कई सरपंचों ने तो दबी जुबान में कहा कि अब तक हमने ग्राम पंचायत में कई लाखों रुपये खर्च कर किसी को चार धाम की यात्रा करवा दी तो किसी को कहीं घुमाने के नाम पर पैसा खर्च कर दिया। अब जब चुनावों का समय आया तब ब्यावर शहर के आस-पास के ग्रामीण क्षैत्र को शहरी क्षैत्र में विलय की बात कही जा रही है जो हमें खट नहीं रही है।

ज्ञातव्य है कि भाजपा के राज में भाजपा के नेताओं ने ही सरकार के विकास की योजना को ठेंगा बताने का बीड़ा उठाया है। उसी के तहत आस-पास के सभी सरपंचो ने ग्रामीणों को एकत्रित कर उन्हें जिला कलेक्टर के पास ले गये और अपना शक्ति प्रदर्शन करने लगे।

भाजपा के किसान मोर्चा के जिलाध्यक्ष भंवरलाल बूला से पुछा गया कि आपकी सरकार है और आपके विधायक ने ही ब्यावर को जिला बनाने की मांग रखी थी तो ब्यावर का विकास होना भी तो संभव है। ऐसे में उनका बेतुका जवाब था कि सरकार तो किसानों व ग्रामीणों के लिए संवेदनशील है लेकिन जो लोग कमरों में बैठकर सरकार को गुमराह कर रहे हैं उनकी वजह से किसान व ग्रामीण परेशान है।



# जल जीवन मिशन के लंबित कार्य शीघ्र से शीघ्र पूर्ण करें अधिकारी : कलक्टर

## आगामी ग्रीष्म ऋतु को लेकर अभी से करें तैयारियां ताकि न हो परेशानी : कलक्टर

बढ़ता राजस्थान

**राजसमन्द( सुरेश बागोरा )।** जल जीवन मिशन में शीघ्र से शीघ्र लक्ष्य अर्जित कर ग्रामीण क्षेत्र के समस्त घरों में नल से जल पहुंचाना सुनिश्चित करें, साथ ही जलापूर्ति संबंधी सभी पेंडिंग कार्य समय पर पूर्ण करें। ये निर्देश बुधवार को जिला कलक्टर ने दिए। वे जिला जल एवं स्वच्छता मिशन की जिला स्तरीय बैठक की अध्यक्षता कर रहे थे। बैठक में अधीक्षण अभियंता लोकेश सैनी ने घरों में नल से जल की स्थिति, ब्लॉक लेवल प्रोग्रेस, टाइम ओवर रन स्कीम आदि के बारे में बताया। इसके साथ ही राजकीय विद्यालयों, आंगनवाड़ी केंद्रों, ग्राम पंचायत कार्यालयों, प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्रों आदि में नल कनेक्शन की समीक्षा की गई। कलक्टर ने कनेक्शन से वंचित संस्थाओं में सर्वे करते हुए मिशन मोड पर नल कनेक्शन उपलब्ध कराने के निर्देश दिए। कलक्टर ने कहा कि आज भी जिले में कई आंगनवाड़ी केंद्रों में नल कनेक्शन नहीं है, जबकि वहाँ माताऐं और नन्हें बच्चों का आना भी रहता है, ऐसे में आंगनवाड़ी केंद्रों पर प्राथमिकता पर कनेक्शन दें। अधीक्षण अभियंता ने बताया की जिले में 289 गांवों में शत प्रतिशत नल से जल पहुँच रहा है, शेष गांवों में भी जल जीवन मिशन के तहत कार्य जारी हैं। कलक्टर ने बैठक में जाखम बांध आधारित वृहद पेयजल परियोजना, बेड़च का नाका संबंधी कार्य, चम्बल परियोजना संबंधी कार्यों की समीक्षा करते हुए सभी लंबित कार्य जल्द पूर्ण करने के निर्देश दिए। बैठक में अधिशाषी अभियंता परियोजना माँडलगढ़ रामप्रसाद जाट, एक्सईएन दीपक सिंघल, मनीष जैन, धर्मराज बैरवा, एईएन लोकेश वर्मा, लीलन गुर्जर, आकाश शर्मा, तन्मय शर्मा, सहयोग इकाई शुभम बगोरा, जिला स्वच्छता समन्वयक नानालाल साल्वी, भूजल वैज्ञानिक संदीप जैन आदि उपस्थित रहे।

**शिकायतों पर समय पर हो समाधान :** जिला कलक्टर ने कहा कि आगामी ग्रीष्म ऋतु को लेकर जलदाय विभाग के अधिकारी अभी से अलर्ट मोड पर रहें। लंबित कार्य समय पर पूरे होंगे तो गर्मी में लोगों को फायदा मिलेगा। कलक्टर ने कहा कि जिन इलाकों में गत वर्ष गर्मी के समय अधिक समस्या आई है वहाँ विशेष तौर पर फोकस करते हुए समस्या का समाधान अभी से कर लें। साथ ही उन्होंने जलदाय संबंधित संपर्क पोर्टल पर दर्ज शिकायतों का भी त्वरित समाधान करने की बात कही। इसके साथ ही कलक्टर ने नल-जल मित्र, विभिन्न निर्माण कार्यों की समीक्षा की।



# ओलानाखेड़ा निवासी विधवा महिला और चार बच्चों पर भरण-पोषण के संकट की पीड़ा पहुंची थी कलक्टर तक

## कलक्टर के निर्देश पर संकटग्रस्त परिवार को मिली मदद, रोजगार दिलाने के साथ-साथ कई योजनाओं से जोड़ा

बढ़ता राजस्थान

**राजसमन्द( सुरेश बागोरा )।** जिला कलक्टर बालमुकुंद असावा निरंतर समाज के निर्धन तबके के संरक्षण और सहायता की दिशा में प्रयासरत हैं। जहां एक ओर जिले में पालनहार विशेष अभियान तथा प्रोजेक्ट श्रम संबल जैसे अभियानों से निर्धन और जरूरतमंद तबकों को लाभ मिला है, तो वहीं प्रशासन द्वारा व्यक्तिगत सहायता के प्रकल्प भी जारी हैं। जिले के ओलानाखेड़ा में पति के आकस्मिक निधन के बाद चार माह से भरण पोषण को लेकर तरस रही एक विधवा महिला का प्रकरण संज्ञान में आते ही जिला कलक्टर के निर्देश पर प्रशासन ने त्वरित राहत प्रदान की है। जिला कलक्टर को ओलानाखेड़ा निवासी श्रीमती सोहनीदेवी भील की पीड़ा के संबंध में ज्ञापन प्राप्त हुआ था जिसमें बताया गया था कि 10 सितंबर को उसके पति का आकस्मिक बीमारी से निधन हो गया है, उसके दो बेटे और दो बेटियाँ है तथा परिवार का खर्चा चला पाना मुश्किल हो रहा है। शिकायत मिलते ही कलक्टर असावा ने आमेट विकास अधिकारी को महिला के घर जाकर उसका हालचाल पूछकर पात्रता अनुसार अधिकाधिक योजनाओं का लाभ प्रदान करने के निर्देश दिए थे। असावा के निर्देश पर आमेट विकास अधिकारी और ग्राम विकास अधिकारी श्रीमती सोहनी देवी के घर पहुंचे। महिला का हाथों-हाथ मनरेगा जॉब कार्ड बनाकर मास्टरोल में नाम दर्ज कर उसे रोजगार प्रदान किया गया। प्रधानमंत्री आवास योजना में लाभान्वित करने की दृष्टि से आवास प्लान-2024 में नाम शामिल किया गया। विधवा पेंशन योजना के तहत पेंशन स्वीकृति आदेश हाथों-हाथ जारी किया गया।

इसके साथ ही पालनहार योजना में उसके बच्चों को जोड़ते हुए प्रतिमाह आर्थिक सहायता सुनिश्चित की। कलक्टर ने निर्देश सभी विभागों को निर्देश दिए हैं कि आगे भी इस महिला की पात्रता अनुसार योजनाओं से लाभान्वित कर राहत प्रदान करें।



### सहायता का सिलसिला जारी

उल्लेखनीय है कि जिला कलक्टर असावा ने इससे पूर्व नाथद्वारा उपखंड के खमनोर पंचायत समिति अंतर्गत ग्राम पंचायत उठारडा के गाँव जीवाखेडा निवासी 35 वर्षीय रोशन लाल का लम्बी बीमारी के बाद निधन हो पश्चात उसकी पत्नी व उनके छह छोटे बच्चों की दयनीय स्थिति का पता चलने पर भी विभिन्न सहायता उपलब्ध कराई थी। प्रशासन का प्रयास है कि हर जरूरतमंद को पात्रता अनुसार सरकारी योजनाओं का लाभ मिले।

# प्रेग्नेंसी के दौरान टीके और जांच : मां और बच्चे के स्वास्थ्य को सुनिश्चित करने की गाइडलाइन

बढ़ता राजस्थान

**जयपुर ( का.स. )।** प्रेग्नेंसी हर महिला के जीवन का एक खास समय होता है। इस समय मां और बच्चे दोनों की सेहत का ध्यान रखना बेहद जरूरी होता है। गर्भवती महिला की सही देखभाल के लिए समय-समय पर जरूरी टीके लगवाना और जांच करवाना आवश्यक होता है। इससे गर्भवती महिला और बच्चे दोनों को स्वस्थ रखा जा सकता है। डॉ. अनुपमा गंगवाल, सीनियर कंसल्टेंट ऑब्सटेट्रिक्स एंड गायनेकोलॉजी, कोकून हॉस्पिटल, जयपुर ने बताया कि गर्भावस्था के दौरान जरूरी टीकों और जांचों के बारे में, ताकि आपकी गर्भावस्था सुरक्षित और स्वस्थ रहे।

**प्रेग्नेंसी की पहली तिमाही ( 1-3 महीने ) :** महिलाओं को प्रेग्नेंसी की शुरुआत में सबसे पहले डॉक्टर से परामर्श करना बेहद जरुरी है। डॉक्टर आपकी सेहत व गर्भावस्था की स्थिति के बारे में पूरी जानकारी लेंगे और कुछ जांच कराने की सलाह देंगे। इसमें थायरॉयड, ब्लड शुगर, और ब्लड ग्रुप की जानकारी के लिए ब्लड टेस्ट, संक्रमण या अन्य समस्याओं की पहचान के लिए यूरिन टेस्ट और गर्भावस्था की स्थिति व बच्चे की सही जगह का पता लगाने के लिए सोनोग्राफी या अल्ट्रासाउंड की सलाह दे सकते हैं। तीसरे महीने में सबसे महत्वपूर्ण अल्ट्रासाउंड, प्रारंभिक असामान्यताओं का निदान करने में मदद करता है। जेनेटिक स्क्रीनिंग टेस्ट यानि 卐मार्कर卐 का भी यही उचित समय है। इसके अलावा डॉक्टर पहली तिमाही में फोलिक एसिड की गोली शुरू करने की सलाह दे सकते हैं। यह बच्चे के मस्तिष्क और रीढ़ की हड्डी के विकास के लिए बेहद जरूरी है। इस समय टीके की जरूरत नहीं होती, लेकिन अगर महिला को पहले से किसी गंभीर बीमारी का खतरा है तो उसका ध्यान रखना जरूरी होता है।

**दूसरी तिमाही ( 4-6 महीने ) :** प्रेग्नेंसी के दौरान महिलाओं को हर महीने डॉक्टर से मिलना जरूरी है। इस दौरान ब्लड प्रेशर, वजन, और बच्चे के विकास की जांच की जाती है। इस दौरान शुगर टेस्ट किया जाता है, ताकि डायबिटीज का पता लगाया जा सके। चौथे महीने से डॉक्टर आयरन और कैल्शियम की गोलियां शुरू करवा देते हैं, ताकि मां और बच्चे को पोषण की कमी न हो। दूसरी तिमाही में टीटी यानी टेटनस टॉक्सॉइड का पहला टीका लगाया जाता है। यह मां और बच्चे दोनों को संक्रमण से बचाने में मदद करता है। इस समय मां और बच्चे की अच्छी सेहत के लिए डॉक्टर संतुलित खानपान और कुछ सावधानी बरतने की सलाह भी देते हैं। 5 वें महीने की सोनोग्राफी, एनामोली स्कैन के नाम से जानी जाती है, जो किसी महिला को मिस नहीं करनी चाहिए।

**तीसरी तिमाही ( 7-9 महीने ) :** तीसरी तिमाही शुरू होने पर प्रेग्नेंट महिला को डॉक्टर से हर 15 दिन पर मिलना जरूरी है। इस दौरान ब्लड प्रेशर, बच्चे की स्थिति, और मां के स्वास्थ्य की नियमित जांच की जाती है। आमतौर पर तीसरी तिमाही के सातवें महीने में टीटी का दूसरा टीका या बूस्टर डोज दिया जाता है। इससे डिलीवरी के समय संक्रमण का खतरा कम होता है। इस समय डॉक्टर ग्रोथ स्कैन और बच्चे की स्थिति की जांच के लिए अल्ट्रासाउंड करवाते हैं जिससे बच्चे की ग्रोथ और पोजिशन का पता लगाया जाता है।





BOLLYWOOD GUPSHUP

# कोमोलिका का किरदार नहीं निभाना चाहती थीं हिना खान

## बोलीं- डर लगता था कि असफल हो जाऊंगी, लेकिन फिर एकता कपूर ने हिम्मत दी



हिना खान इन दिनों ब्रेस्ट कैंसर से जूझ रही हैं। लेकिन अब उन्होंने काम पर लौटने का फैसला किया है। जल्द ही वह शो गृह लक्ष्मी में नजर आएंगी। इसी बीच एक इंटरव्यू में हिना खान ने बताया कि कसौटी जिंदगी की 2 में कोमोलिका का किरदार निभाने को लेकर उन्हें काफी संकोच हुआ था, क्योंकि उन्होंने पहले एक सीधी-साधी अक्षरा का किरदार निभाया था।

स्क्रीन से बातचीत के दौरान हिना खान ने कहा, मैंने अक्षरा का रोल निभाया था। ऐसे में जब मुझे कोमोलिका का किरदार ऑफर हुआ तो मैं कॉन्फिडेंट नहीं थी। मुझे आत्मविश्वास नहीं था कि मैं एक विलेन का किरदार निभा पाऊं, खासकर कोमोलिका का, क्योंकि उर्वशी ढोलकिया ने उस किरदार को बहुत अच्छे से निभाया था। मुझे लगा कि मैं उस किरदार को अच्छे से नहीं निभा पाऊंगी और असफल हो जाऊंगी, इसलिए मैं इसे नहीं करना चाहती थी। हिना खान ने कहा, लेकिन फिर एकता कपूर ने इस रोल को अदा करने में मुझे बहुत सपोर्ट किया और कॉन्फिडेंस दिलाया। उन्होंने मुझसे कहा था कि तुम ही मेरी कोमोलिका हो और वह किसी और को इस किरदार में ढालने के बारे में नहीं सोच सकतीं। हिना खान ने सोशल मीडिया पर मिल रही आलोचनाओं के बारे में बात करते हुए कहा, अब मुझे इस बात से कोई फर्क नहीं पड़ता कि कौन क्या कहता है, चाहे लोग कुछ भी नेगेटिव बोलें। मैं बस अपने चारों ओर पॉजिटिविटी महसूस करती हूं। साथ ही मैंने बहुत धैर्य रखना सीख लिया है। अब जब भी कोई समस्या आती है, तो मैं उसे पूरी तरह से सोच-समझकर देखती हूं।



# बिना शादी के अकेले जिंदगी बिताना चाहती हैं शिल्पा शिंदे


## बोलीं- पति-पत्नी के बीच कॉम्पिटिशन शुरू हो गया है, लोग शादी का मतलब नहीं समझते

बिग बॉस सीजन 11 की विनर रह चुकीं शिल्पा शिंदे ने हाल ही में एक इंटरव्यू के दौरान खुलासा किया वो शादी नहीं करना चाहती और पूरी जिंदगी अकेले बिताना पसंद करेंगी। हालांकि, उन्होंने यह भी कहा कि अगर कोई सही इंसान मिला, तो जरूर शादी कर लेंगी। एक्ट्रेस शिल्पा शिंदे ने टेली टॉक को दिए इंटरव्यू के दौरान अपने मैरिज प्लान को लेकर बातचीत की है। एक्ट्रेस ने कहा- मैंने अपने आप को कभी ब्लॉक नहीं किया कि मुझे अकेला ही रहना है। मैंने ये भी नहीं सोचा कि मुझे किसी से शादी ही करनी है। अगर मुझे लगता है कि कोई सही इंसान मिला, तो मैं जरूर शादी कर लूंगी। शिल्पा शिंदे ने आगे बताया- मैं उस तरह की लड़की नहीं हूं जो लिविंग रिलेशनशिप में रहने के बाद भी उसे रिलेशनशिप का नाम ना दे। अगर ऐसा कोई रिश्ता है तो उसे एक नाम देना चाहिए, लेकिन यह नहीं मानती कि शादी सबकुछ है।

आज कल लोग शादी का मतलब ही नहीं समझते। पति-पत्नी के बीच काम्पिटिशन शुरू हो गया है। बता दें कि शिल्पा शिंदे की टीवी एक्टर रोमित राज संग सगाई हुई थी, हालांकि कुछ समय बाद दोनों ने अपने-अपने रास्ते अलग कर लिए।

# अक्षय कुमार ने सैफ अली खान को बताया बहादुर


## बोले- उन्होंने हिम्मत के साथ अपने परिवार को बचाया; दोनों 'टशन' फिल्म में आए थे नजर



अक्षय कुमार इन दिनों फिल्म स्काई फोर्स को लेकर सुर्खियों में हैं। इस बीच एक इवेंट के दौरान उन्होंने अपने को-स्टार सैफ अली खान पर हुए हमले के बारे में बात की। अक्षय ने सैफ को बहादुर बताया और कहा कि सैफ ने जिस तरह से अपनी फैमिली को प्रोटेक्ट किया, वो बहादुरी का काम है। अपनी फिल्म स्काई फोर्स के प्रमोशन के दौरान अक्षय कुमार ने कहा, ये बहुत अच्छा है कि वो सुरक्षित हैं। पूरी इंडस्ट्री इस बात से खुश है कि वो सुरक्षित हैं। जिस तरह से उन्होंने अपनी फैमिली को प्रोटेक्ट किया, वो बहादुरी का काम है। अक्षय कुमार ने आगे कहा, मैंने सैफ के साथ मैं खिलाड़ी तू अनाड़ी में एक साथ काम किया था। लेकिन अब अगर अगली बार हम फिल्म बनाएंगे तो उसका टाइटल 'दो खिलाड़ी' होगा।

**इन फिल्मों में साथ काम कर चुके हैं सैफ-अक्षय**-बता दें, अक्षय कुमार और सैफ अली खान 1994 की फिल्म मैं खिलाड़ी तू अनाड़ी में साथ नजर आए थे। यह फिल्म हिट साबित हुई थी। इसके अलावा दोनों ने फिल्म टशन में भी साथ काम किया था।

**सैफ अली खान पर घर पर चाकू से हुआ था हमला**-15 जनवरी की रात सैफ अली खान के बांद्रा स्थित घर पर एक आरोपी ने सैफ पर चाकू से हमला किया। इस दौरान उनके गले, पीठ, हाथ और सिर समेत 6 जगह चाकू लगा था। उन्हें रात में ही हॉस्पिटल ले जाया गया था। लीलावती अस्पताल के डॉक्टर के मुताबिक सैफ की रीढ़ की हड्डी में चाकू का टुकड़ा फंसा था और फ्लूड भी लीक हो रहा था।





# 'रामगोपाल वर्मा ने मेरा करियर खराब नहीं किया'

## उर्मिला बोलीं- नेपोटिज्म के कारण बर्बाद हुआ करियर, हमेशा आइटम गर्ल समझा गया

हाल ही में राम गोपाल वर्मा की फिल्म 'सत्या' री-रिलीज हुई है। इस मौके पर एक्ट्रेस उर्मिला मातोंडकर ने रामू के साथ लड़ाई की खबरों को महज अफवाह बताया। एक्ट्रेस ने कहा कि उनका करियर रामगोपाल वर्मा के कारण नहीं, बल्कि नेपोटिज्म के कारण बर्बाद हुआ। उन्हें हमेशा ही आइटम गर्ल या फिर सेक्स साइरन के रूप में देखा गया। उर्मिला ने राम गोपाल वर्मा के साथ सत्या, जंगल, रंगीला और भूत जैसी फिल्मों में काम किया है। रंगीला बॉक्स ऑफिस पर जबरदस्त हिट रही और इस फिल्म ने उर्मिला मातोंडकर को बॉलीवुड में 'रंगीला गर्ल' के तौर स्थापित कर दिया। इंडस्ट्री में ऐसी अफवाह थी कि एक्ट्रेस का रामू के साथ अफेयर चल रहा है जिस वजह से वो उनकी हर फिल्म में होती हैं। हालांकि, एक समय पर दोनों के बीच लड़ाई की खबरें आने लगीं। उर्मिला मातोंडकर ने एक इंटरव्यू के दौरान कहा था कि कई बेहतरीन फिल्में करने के बाद भी 90 के दशक में मीडिया सिर्फ उनके लुक और उनकी निजी जिंदगी के बारे में बात करती थी। लोगों को उनकी एक्टिंग के बजाय उनकी जिंदगी के हर पहलु में दिलचस्पी रहती थी।

पिंजर, कौन, एक हसीना थी जैसी कई बेहतरीन फिल्मों में काम करने के बावजूद भी उर्मिला मातोंडकर को बॉलीवुड में सिर्फ एक आइटम गर्ल ही समझा गया। उर्मिला कहती हैं- इंडस्ट्री में सिर्फ एक आइटम गर्ल और सेक्स साइरन के तौर पर देखा जाता था। मैं इंडस्ट्री से ताल्लुक नहीं रखती थी, जिसका मुझे खामियाजा उठाना पड़ा था। सत्या की री-रिलीज के मौके पर उर्मिला मातोंडकर ने एक बार फिर डायरेक्टर राम गोपाल वर्मा और एक्टर मनोज बाजपेयी के साथ काम करने की इच्छा जताई है।

# अमिताभ बच्चन लगाते थे शत्रुघ्न की खटारा कार को धक्का

## तेवर में गाड़ी में बैठकर कहते थे, चलो यार धक्का लगाओ, बिग बी ने सुनाया किस्सा

अमिताभ बच्चन और शत्रुघ्न सिन्हा की दोस्ती और झगड़ा किसी से छिपा नहीं है। दोनों ने बॉम्बे टु गोवा, शान और नसीब जैसी कई बेहतरीन फिल्मों में साथ काम किया था। हालांकि एक समय ऐसा भी था, जब अमिताभ बच्चन न्यूकमर थे और शत्रुघ्न सिन्हा को स्टार का दर्जा मिला हुआ था। ऐसे में कई बार शत्रुघ्न सिन्हा, अपनी खटारा गाड़ी बंद हो जाने पर अमिताभ बच्चन से धक्का लगवाते थे।

कुछ समय पहले अमिताभ बच्चन, शत्रुघ्न सिन्हा के साथ शो यारों की बारात में पहुंचे थे। इस दौरान साजिद खान और रितेश देशमुख से बातचीत में अमिताभ ने अपने करियर के शुरुआती दिनों में शत्रुघ्न सिन्हा के साथ बिताए हुए दिनों पर बात की। उन्होंने कहा कि जब शत्रुघ्न सिन्हा स्टार थे, तब वो ज्यादातर समय उनके घर में बिताया करते थे। पूरे ग्रुप में सिर्फ शत्रुघ्न सिन्हा के पास ही गाड़ी थी, ऐसे में उन्हें जहां भी जाना होता था तो उनकी कार से ही जाते थे, लेकिन वो गाड़ी काफी पुरानी थी। अमिताभ बच्चन ने बताया कि एक बार उन्हें बांद्रा से कोलाबा फिल्म देखने जाना था। शत्रुघ्न सिन्हा ने गाड़ी निकाली और सब उसमें बैठ गए। गाड़ी आधे रास्ते पहुंची और टूट गई। शत्रुघ्न सिन्हा बड़े तेवर में गाड़ी में बैठे रहते थे और उनसे कहते थे, चलो यार धक्का लगाओ गाड़ी में। ऐसे में मरीन ड्राइव पर सारे दोस्त मिलकर गाड़ी को धक्का लगाते थे और शत्रुघ्न सिन्हा कार में बैठे-बैठे ऑर्डर देते थे। ऐसा एक नहीं कई बार हुआ, जब शत्रुघ्न सिन्हा ने गाड़ी खराब होने पर दोस्तों से धक्का लगवाया।

### काला पत्थर के सेट में हुआ था अमिताभ-शत्रुघ्न का झगड़ा

कहा जाता है कि अमिताभ बच्चन के पॉपुलर होते ही दोनों की दोस्ती में दरार आ गई। दोनों एक-दूसरे से कटे-कटे रहते थे। दोनों की दुश्मनी जगजाहिर तब हुई, जब दोनों का फिल्म काला पत्थर के सेट पर झगड़ा हो गया। सीन के अनुसार, दोनों को एक दूसरे की पिटाई करनी थी, लेकिन जैसे ही सीन शुरू हुआ अमिताभ ने एक तरफा मारना शुरू कर दिया। इस दौरान शशि कपूर ने झगड़ा रोकने के लिए बीच-बचाव किया था।

झगड़े के चलते काला पत्थर की शूटिंग 3-4 घंटे तक रुकी रही थी। इस इंसिडेंट के बाद शत्रुघ्न सिन्हा ने जैसे-तैसे फिल्म पूरी की, लेकिन फिर कभी दोबारा अमिताभ के साथ काम नहीं किया। जो फिल्में उन्होंने साइन की थीं, उनके भी साइनिंग अमाउंट लौटा दिए।

# बिग बॉस 18 कंटेस्टेंट यामिनी को नहीं मिल रहा घर

## कहा- लोग पूछ रहे हैं हिंदू हूं या मुस्लिम, एक्टर होने की बात सुनकर कर देते हैं इनकार

बिग बॉस 18 में बतौर वाइल्ड कार्ड एंट्री शामिल होने वालीं यामिनी मल्होत्रा को मुंबई में घर नहीं मिल रहा है। यामिनी की मानें तो वो जहां भी घर लेने जाती हैं, वहां उनसे धर्म पूछा जाता है। इसके बाद भी अगर कोई घर देने को राजी हो जाए तो ये सुनकर इनकार कर देता है कि वो एक्ट्रेस हैं। यामिनी मल्होत्रा ने हाल ही में अपने ऑफिशियल इंस्टाग्राम अकाउंट के स्टोरी सेक्शन में इस बात पर नाराजगी जाहिर की है। उन्होंने लिखा है, हैलो दोस्तों, मुझे कुछ ऐसा शेयर करना है जिससे मेरा दिल दुखा है। मैं जितना मुंबई से प्यार करती हूं, उतना ही मुझे यहां घर ढूंढने मुश्किल हो रही है।

RNI NO. RAJHIN/2013/52026
POSTAL REG NO. TONK/49/2022-24
दैनिक बढ़ता राजस्थान

# गहलोत बोले-नशे के कारोबार में पुलिस वाले तक शामिल

## स्कूली बच्चे ले रहे ड्रग्स; पब कल्चर पर सख्ती की तो मेरा विरोध हुआ था

बढ़ता राजस्थान



**जयपुर।** पूर्व सीएम अशोक गहलोत ने कहा कि प्रदेश में नशे के कारोबार में पुलिस वाले तक शामिल हैं। उन्होंने कहा- पूरे देश में नशे की समस्या लगातार बढ़ती जा रही है। नशे के बढ़ते खेल के पीछे वजह प्रशासन और सरकार का इस दिशा में बेहद गंभीर नहीं होना है। राजस्थान की बात करें तो 5 साल में 50 से ज्यादा पुलिसकर्मी नशे के कारोबार में शामिल पाए गए हैं।

गहलोत ने ट्वीटर पर लिखा- ड्रग्स पर प्रतिबंध के कानून हैं। सजा का भी प्रावधान है। लेकिन, ट्रायल का लंबा समय, सबूतों का अभाव जैसी वजहों से आरोपी छूट जाते हैं। एमडीएमए टैबलेट जैसे ड्रग्स बाजार में आसानी से उपलब्ध हैं। इससे युवा इसके चंगुल में फंसते जा रहे हैं और हमारी नई पीढ़ी बर्बाद हो रही है। अब स्कूल भी इस समस्या से अछूते नहीं हैं। 10वीं-12वीं के बच्चे भी शराब और ड्रग्स की ओर बढ़ रहे हैं।

# सीआरपीएफ सब इंस्पेक्टर ने एक रुपए में की शादी

## 11 लाख रुपए, दो प्लॉट और कार लौटाई



बढ़ता राजस्थान

**फतेहपुर ( सीकर )।** फतेहपुर में एक सीआरपीएफ सब इंस्पेक्टर ने दहेज प्रथा के खिलाफ अनूठी मिसाल पेश की है। मुकेश सिंह शेखावत ने न केवल दहेज लेने से इनकार किया, बल्कि दुल्हन पक्ष द्वारा दिए गए 11 लाख रुपए नकद, दो प्लॉट और एक कार को भी वापस लौटा दिया।

मंगलवार को जयपुर से बारात लेकर आए मुकेश सिंह का विवाह नागौर निवासी शैतान सिंह जोधा की पुत्री प्रमोद कंवर के साथ संपन्न हुआ। विवाह में जब दुल्हन पक्ष ने दहेज में सामान दिया, तो दूल्हे ने इसे सामाजिक बुराई बताते हुए सिर्फ एक रुपया और नारियल स्वीकार किया।

मुकेश सिंह का कहना है कि बेटी सबसे बड़ा धन है। जो अपना घर छोड़कर दूसरे घर की बहू बनती है। उन्होंने युवाओं से दहेज जैसी कुरीति को खत्म करने के लिए आगे आने का आह्वान किया। राजपूत समाज में हुई इस शादी ने एक नई राह दिखाई है। समारोह में उपस्थित अतिथियों ने भी दूल्हे के इस साहसिक कदम की सराहना की।

# वसुंधरा राजे से मिले सीएम भजनलाल : सरकार और संगठन से जुड़े लंबित मुद्दों पर की बातचीत

बढ़ता राजस्थान

**जयपुर।** मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने बुधवार दोपहर बाद पूर्व सीएम वसुंधरा राजे से उनके सिविल लाइंस स्थित बंगले पर मुलाकात की। दोनों नेताओं के बीच इसे शिष्टाचार मुलाकात बताया जा रहा है, लेकिन इस मुलाकात के बाद कई तरह की सियासी चर्चाएं शुरू हो गई हैं। विधानसभा के बजट सत्र से पहले राजे से सीएम की इस मुलाकात के कई सियासी मायने निकाले जा रहे हैं। बताया जा रहा है कि दोनों नेताओं के बीच बीजेपी और सरकार से जुड़े कई लंबित मुद्दों पर बातचीत हुई है। आगे मंत्रिमंडल में विस्तार और फेरबदल होना है, बड़ी संख्या में राजनीतिक नियुक्तियां भी की जानी हैं। वसुंधरा राजे गुट के कई नेता सरकार में हिस्सेदारी के इंतजार में हैं। मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने पहले भी कई बार वसुंधरा राजे से मुलाकात की है। बजट सत्र से पहले पार्टी में एकजुटता का मैसेज देने के लिए भी इस मुलाकात को अहम माना जा रहा है।



**विधानसभा सत्र से पहले मुलाकात के सियासी मायने-** विधानसभा के बजट सत्र से पहले मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा की पूर्व सीएम वसुंधरा राजे से मुलाकात के कई सियासी मायने निकाले जा रहे हैं। सरकार से जुड़े मुद्दों पर दोनों के बीच चर्चा की संभावना है।

# एसआई भर्ती 2021 में ट्रेनिंग-पोस्टिंग पर रोक रहेगी : हाईकोर्ट का राहत देने से इनकार, 10 फरवरी को देना होगा जवाब

बढ़ता राजस्थान

**जयपुर।** एसआई भर्ती-2021 के ट्रेनी सब इंस्पेक्टर की फील्ड ट्रेनिंग और पोस्टिंग पर लगी रोक जारी रहेगी। हाईकोर्ट की डिवीजन बेंच ने सिंगल बेंच के आदेश पर रोक लगाने से इनकार कर दिया है। डिवीजन बेंच ने याचिकाकर्ताओं को सिंगल बेंच में 10 फरवरी को जवाब पेश करने को कहा है। ट्रेनिंग ले रहे करीब 50 सब इंस्पेक्टर्स ने सिंगल बेंच के आदेश के खिलाफ डिवीजन बेंच में अपील दायर की थी। कोर्ट में तर्क दिया गया कि- एसआई भर्ती का पेपर पहले ही बाहर आ गया था, इसमें जमकर धांधली हुई है, यह बात जांच एजेंसी से लेकर मंत्रियों की कमेटी तक ने स्वीकार की है। इससे पहले सरकार हाईकोर्ट में भर्ती रद्द करने से इनकार कर चुकी है।

### हाईकोर्ट जता चुका है नाराजगी

सरकार ने 2021 की भर्ती में चयनित ट्रेनी एसआई को ट्रेनिंग पूरी करने के बाद उन्हें अलॉट जिलों में भेज दिया था। इससे पहले हाईकोर्ट ने पूरी प्रक्रिया पर रोक लगा रखी थी। रोक के बावजूद ट्रेनी एसआई को जिलों में फील्ड ट्रेनिंग में भेजने पर हाईकोर्ट ने नाराजगी जताई थी।
इसके बाद फील्ड ट्रेनिंग पर रोक लगा दी।

## एनजीओ, सिविल सोसाइटी और उपभोक्ता मंच के प्रतिनिधियों से बजट पूर्व चर्चा

# सबका साथ, सबका विकास हमारा लक्ष्य-एनजीओ, सिविल सोसाइटी और उपभोक्ता मंच की सशक्त समाज के निर्माण में अहम भूमिका : सीएम शर्मा

बढ़ता राजस्थान




जयपुर। मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने कहा कि एक सशक्त और समृद्ध समाज के निर्माण में एनजीओ, सिविल सोसाइटी और उपभोक्ता मंच की अहम भूमिका है। इनका समाज पर बहुत गहरा प्रभाव होता है तथा वे राज्य सरकार की योजनाओं को जनता तक पहुंचाने का काम करते हैं। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार बजट में प्रत्येक वर्ग की जरूरतों का समावेश कर सभी के सुझावों को यथासंभव समाहित करेगी जिससे सबका साथ, सबका विकास के संकल्प को गति मिले। शर्मा बुधवार को मुख्यमंत्री कार्यालय में एनजीओ, सिविल सोसाइटी और उपभोक्ता मंच के प्रतिनिधियों से बजट पूर्व चर्चा को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि एनजीओ, सिविल सोसाइटी एवं उपभोक्ता मंच जैसे संगठन अपने क्षेत्र के विशेषज्ञ हैं तथा इनके अनुभव का लाभ जनता को मिलना चाहिए। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार पंडित दीनदयाल उपाध्याय तथा भीमराव अम्बेडकर के अंत्योदय की अवधारणा पर काम कर रही है जिसके तहत अंतिम पंक्ति पर खड़े व्यक्ति को योजनाओं का लाभ मिले तथा वे समाज की मुख्यधारा से जुड़ सके।

महिला सशक्तीकरण के लिए राज्य सरकार निरंतर कर रही काम : मुख्यमंत्री ने कहा कि हम महिलाओं के सशक्तीकरण की दिशा में निरंतर कार्य कर रहे हैं। राजीविका के तहत राज्य में 20 हजार से ज्यादा स्वयं सहायता समूहों का गठन हुआ है तथा लखपति दीदी योजना के तहत 14 लाख से ज्यादा महिलाओं को कौशल प्रशिक्षण प्रदान किए हैं। राज्य सरकार स्वयं सहायता समूहों से जुड़ी इन महिलाओं द्वारा तैयार उत्पादों की बिक्री में सहयोग भी दे रही है। उन्होंने कहा कि हमने प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत 1 लाख 55 हजार से ज्यादा आवासों को स्वीकृति दी है जिससे ग्रामीण क्षेत्रों में आवास की समस्या को दूर किया जा सके। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री जनजाति आदिवासी न्याय महा अभियान के तहत बारां जिले में सहरिया जनजाति के लिए विशेष अभियान चलाकर 17 हजार से ज्यादा आवास स्वीकृत किए गए हैं। बैठक में एनजीओ, सिविल सोसाइटी और उपभोक्ता मंच के प्रतिनिधियों ने स्वरोजगार केन्द्र स्थापित करने, नशा मुक्ति केन्द्र खोलने, सिलिकोसिस बीमारी से रोकथाम, गांवों तक योजनाओं का प्रचार-प्रसार, बाल सुरक्षा जागरूकता कार्यक्रम, घुमन्तू वर्गों को संबल, बालश्रम की रोकथाम हेतु कार्यवाही, स्वयं सहायता समूह, दिव्यांगों के लिए स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स, मानसिक स्वास्थ्य के प्रति जागरूकता, जेण्डर बजट, रिसर्च सेंटर फॉर कन्ज्यूमर केयर, प्रवासी श्रमिक बोर्ड का गठन, विमंदितों के लिए पुनर्वास गृह सहित विभिन्न विषयों पर अपनी राय रखी। बैठक में अपना घर आश्रम, उमंग, सेवा भारती, नया सवेरा, भगवान महावीर चाइल्ड केयर, अलख फांउडेशन, प्रयास संस्थान, सेव द चिल्ड्रन, अक्षय पात्र फाउंडेशन, घुमन्तू जाति उत्थान न्यास सहित विभिन्न एनजीओ के प्रतिनिधियों ने अपने सुझाव दिए। इस अवसर पर उप मुख्यमंत्री श्रीमती दीया कुमारी, पंचायती राज मंत्री मदन दिलावर, चिकित्सा एवं स्वास्थ्य मंत्री गजेन्द्र सिंह, सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्री अविनाश गहलोत, पंचायती राज राज्य मंत्री ओटाराम देवासी, मुख्य सचिव सुधांश पंत, अतिरिक्त मुख्य सचिव वित्त अखिल अरोरा, प्रमुख सचिव मुख्यमंत्री कार्यालय आलोक गुप्ता सहित संबंधित अधिकारीगण मौजूद रहे।

### गांवों का विकास राज्य की समृद्धि का आधार

शर्मा ने कहा कि ग्रामीण विकास राज्य की समृद्धि में एक महत्वपूर्ण कड़ी है। हमारी सरकार गांवों के विकास के लिए लगातार काम कर रही है। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार द्वारा मनरेगा के 20 करोड़ मानव दिवस को बढ़ाकर 27 करोड़ मानव दिवस किया गया है। अब तक 24 करोड़ से ज्यादा मानव दिवस का रोजगार दिया जा चुका है। साथ ही, योजना के तहत लगभग सभी श्रमिकों का भुगतान 15 दिन में किया जा रहा है।

# राजस्थान के 8 जिलों में बारिश का अलर्ट, कोहरे की भी आशंका

## फिर बदलेगा मौसम, 24 जनवरी से सर्द हवा चलेगी



बढ़ता राजस्थान

**जयपुर।** राजस्थान में आज एक पश्चिमी विक्षोभ एक्टिव होगा, जिसके असर से प्रदेश के 8 जिलों में बादल छा सकते हैं। कहीं-कहीं हल्की बारिश या बूंदाबांदी हो सकती है।

इसके साथ ही दो जगह घना कोहरे छाने की भी संभावना है। इस सिस्टम के जाने के बाद प्रदेश में 23 जनवरी को उत्तर-पूर्वी जिलों में कोहरा छा सकता है। 30 डिग्री तक पहुंचा दिन का तापमान : पिछले 24 घंटे में डूंगरपुर, बाड़मेर, जोधपुर, जालोर में कल अधिकतम तापमान 28 से 30 डिग्री सेल्सियस के बीच दर्ज हुआ। सबसे अधिक तापमान कल 29.9 डिग्री सेल्सियस चित्तौड़गढ़ जिले में दर्ज हुआ। जोधपुर, जालोर, बाड़मेर, कोटा, जयपुर में न्यूनतम तापमान में बढ़ोतरी होने से इन शहरों में सर्दी का असर कम हो गया। इन शहरों में कल न्यूनतम तापमान 13 से 15 डिग्री सेल्सियस के बीच दर्ज हुआ।

# दिलावर की चेतावनी-अश्लील हरकत करने वालों के बेटा-बेटी भूखे मरेंगे

## बोले- स्कूलों में ऐसा करने वाले बाज आएं, बर्खास्त किए जाएंगे

बढ़ता राजस्थान

**जयपुर।** चित्तौड़गढ़ जिले के एक सरकारी स्कूल के हेड मास्टर और महिला टीचर के अश्लील वीडियो सामने आने के बाद शिक्षा मंत्री मदन दिलावर ने कर्मचारियों को चेतावनी दी है।

दिलावर ने कहा- शिक्षा के मंदिर में अगर कोई इस तरह की हरकत करेगा, तो उसे बर्खास्त करेंगे। जो इस तरह की अश्लील हरकत करते हैं, वह अपनी हरकतों से बाज आए, नहीं तो उनके बेटा-बेटी और वह सब भूखे मरेंगे। शिक्षा मंत्री मदन दिलावर ने कहा- चित्तौड़गढ़ के सरकारी स्कूल में अश्लील हरकत करने वाले दोनों कर्मचारियों को शिक्षा विभाग ने बर्खास्त कर दिया है। बीजेपी प्रदेश कार्यालय में मंगलवार को मीडिया से बातचीत में दिलावर ने यह बात कही।





**बोले- मैं चेतावनी देता हूं, ऐसी हरकत करने वाले बाज आए**-शिक्षा मंत्री मदन दिलावर ने कहा- मैं सभी लोगों को चेतावनी देता हूं। स्कूल शिक्षा का मंदिर होता है, जहां बच्चों को शिक्षा के साथ ही संस्कार दिए जाते हैं। कोई भी टीचर अगर शिक्षा के मंदिर में इस तरह की गलत हरकत करेगा तो उसे किसी भी सूरत में बर्दाश्त नहीं करेंगे। हम उनके खिलाफ भी सख्त से सख्त एक्शन लेंगे।

### वीडियो में अश्लील हरकत करते दिखे हेड मास्टर-टीचर

दरअसल, ये पूरा मामला चित्तौड़गढ़ जिले के एक सरकारी स्कूल का है। यहां हेड मास्टर और महिला टीचर के अश्लील हरकतें करने के वीडियो सामने आए थे। इसके बाद जिला शिक्षा अधिकारी (प्रारंभिक) राजेंद्र कुमार शर्मा ने हेड मास्टर और महिला टीचर को राजकीय सेवा से बर्खास्त कर दिया था। इसके साथ ही दोनों के खिलाफ विभाग की ओर से पुलिस में भी शिकायत दर्ज करवाई गई थी, जिसकी जांच शुरू कर दी है। मामले को लेकर शिक्षा विभाग ने जांच कमेटी बनाई गई थी। टीम के सामने महिला टीचर ने टीम ने स्वीकार किया था कि वीडियो में वह खुद है, लेकिन इसे एडिट किया गया है। हेड मास्टर ने नोटिस का जवाब नहीं दिया और टीम के सामने पेश भी नहीं हुए। कमेटी की जांच में वीडियो सही पाए गए थे। राजेंद्र कुमार शर्मा ने अपने आदेश में कहा कि इनके आचरण से विभाग की छवि खराब हुई है। इनका अपराध अक्षम्य है। ऐसे में इनके खिलाफ 16 सीसीए के तहत जांच जरूरी नहीं है।



# महाकुंभ अग्निकांड, 10 लोग हिरासत में..

बढ़ता राजस्थान

**वाराणसी।** प्रयागराज महाकुंभ मेले में 19 जनवरी को लगी आग की जिम्मेदारी आतंकवादी संगठन खालिस्तान जिंदाबाद फोर्स ने ली है। इसके बाद यूपी एटीएस और एनआईए अलर्ट हो गई हैं। अब एजेंसियां अग्निकांड में आतंकी कनेक्शन तलाश रही हैं। एजेंसियों ने 1000 संदिग्ध लोगों का मोबाइल नंबर, सोशल मीडिया अकाउंट ट्रेस किया है। सबको नोटिस भी भेजा है। इनमें से 117 लोगों से पूछताछ हो चुकी है। ये सभी घटना के वक्त महाकुंभ के आसपास मौजूद थे। इनमें से 90 फीसदी लोग गैर हिंदू समुदाय के हैं। सूत्रों के मुताबिक, एटीएस ने वाराणसी से 10 लोगों को हिरासत में लिया है।

# मिडिल क्लास टैक्स टेररिज्म का शिकार : केजरीवाल

## केंद्र सरकार इनकम टैक्स की छूट 10 लाख रुपए करे, स्वास्थ्य-शिक्षा का बजट बढ़ाए

बढ़ता राजस्थान

**नई दिल्ली ( एजेंसी )।** दिल्ली के पूर्व मुख्यमंत्री और आप संयोजक अरविंद केजरीवाल ने बुधवार को मिडिल क्लास के लिए मेनिफेस्टो जारी किया। ट्वीटर पर शेयर एक वीडियो में उन्होंने कहा कि केंद्र में एक के बाद एक सरकारें आईं, लेकिन किसी ने मिडिल क्लास के लिए कुछ नहीं किया। सभी ने मिडिल क्लास को डराकर दबाकर रखा।

केजरीवाल ने कहा कि मिडिल क्लास टैक्स टेररिज्म का शिकार हो गया है। जब सरकार को जरूरत पड़ती है, तो टैक्स का हथियार चला देती है। बदले में मिडिल क्लास को कुछ नहीं मिलता है। मिडिल क्लास सरकार का ञरू बनकर रह गया है। आज पहली बार एक पार्टी मिडिल क्लास के लिए मेनिफेस्टो जारी कर रही है।

इस वीडियो में केजरीवाल ने कहा कि वे और आम आदमी पार्टी सड़क से लेकर संसद तक मिडिल क्लास की आवाज उठाएंगे। बजट सत्र में हमारे सांसद मिडिल क्लास के लिए सात मांग करेंगे। इन मांगों में इनकम टैक्स की छूट 7 लाख से बढ़ाकर 10 लाख करने और शिक्षा-स्वास्थ्य का बजट बढ़ाने की मांगें शामिल हैं। मिडिल क्लास हमारा देश चलाता है केजरीवाल ने कहा- ये वो लोग हैं, जो हमारा देश चलाते हैं। इनके क्या सपने होते हैं? अच्छी नौकरी या बिजनेस, अपना घर, अच्छी शिक्षा, परिवार स्वस्थ रहे। एक आम मिडिल क्लास आदमी इन सबके लिए दिन-रात मेहनत करता है। अधिकतर सरकारें न अच्छे स्कूल बना रही हैं, न अस्पताल बना रही हैं और रोजगार-सुरक्षा भी नहीं दे पा रही हैं। कोई ऐसा देश नहीं है, जिसे इतना परेशान किया जा रहा हो।



बढ़ता राजस्थान प्रिंटिंग प्रेस
दैनिक, साप्ताहिक, पाक्षिक, मासिक समाचार पत्र मुद्रण के लिए संपर्क करें।



उच्च क्वालिटी का कागज एवं स्याही
कलर एवं ब्लैक मुद्रण
किफायती मुद्रण लागत
Printing Press
• Hameedpura Road Khandwa, Newai, Tonk, Rajasthan - 304021
Office
• Badhata Rajasthan, Near Rajkiya Mahavidhyalaya, NH-12, Bypass Newai, Tonk, Rajasthan - 304021
(M) +91-9214048888, Phone No. - 01438-223201, 02, 03
• 185/116, "Pratiksha", Sector-18, Pratap Nagar, Sanganer, Jaipur - 302033
(M) +91-9414242258, Phone No. - 0141-2796795
Email: badhatarajasthanprintingpress@gmail.com

स्वत्वाधिकारी, मुद्रक, प्रकाशक श्रीमती कमलेश विजयवर्गीय द्वारा बढ़ता राजस्थान प्रिंटिंग प्रेस,हमीदपुरा रोड खण्डवा,निवाई टोंक ( राज. ) से मुद्रित एवं राजकीय महाविद्यालय के पास एन एच-12,बाईपास निवाई टोंक ( राज. ) से प्रकाशित, संपादक-तनुजा पठान*।
प्रधान संपादक-राम बिलास विजयवर्गीय मो.नं. 9414242258, 9214048888 टोंक कार्यालय फोन नं.01432-244881,निवाई 01438-222201,202,203, प्रधान कार्यालय :185/ 116 ''प्रतीक्षा'' सेक्टर-18, प्रताप नगर सांगानेर, जयपुर ( राज. )
फोन नं.0141-2796794,2796795,E-Mail-badhatarajasthan@yahoo.com, *पीआरबी एक्ट के तहत समाचार चयन के लिए जिम्मेदार ( सभी विवादों का न्याय क्षेत्र जयपुर महानगर होगा )